


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -78 जबलपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## पार्सल ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से उतरे, कटनी-बीना रेलखंड पर यातायात ठप, ट्रेनें पिछले स्टेशनों पर रोकी गई





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के कटनी-बीना रेलखंड के दमोह के समीप आज रविवार की दोपहर को एक बड़ा रेल हादसा हो गया है. यहां पर एक पार्सल ट्रेन के 4 डिब्बे पटरी से उतर गये, कई डिब्बे तो बिजली के पोल को तोड़ते हुए गिरे, इस घटना से इस रेलखंड की दोनों लाइनों अप व डाउन पर यातायात बाधित हो गया है. ट्रेनों को पिछले स्टेशनों पर रोक दिया गया है.

जानकारी के मुताबिक एक पार्सल ट्रेन बीना की ओर जा रही थी, तभी यह दमोह के पास अचानक पटरी से उतर गयी. इसके चार डिब्बे पटरी से उतर गये हैं. इस घटना से रेलवे के बिजली खंभों, स्लीपरों को काफी नुकसान पहुंचा है. साथ ही सिग्नलिंग व्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा है.

**जबलपुर से पहुंच रहे अधिकारी**

बताया जाता है कि इस घटना की खबर तत्काल ही जबलपुर में वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद डीआरएम सहित अन्य अधिकारी मौके के लिए रवाना होने की खबर है.

**रेल संचालन घंटों बंद रहने का अंदेशा**

बताया जाता है कि इस घटना के बाद ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन), सिग्नल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे अप व डाउन दोनों लाइनों पर यातायात बाधित है. ट्रेनों को पिछले स्टेशनों पर रोका गया है. यातायात बहाल करने में कई घंटे लगने की संभावना जताया जा रहा है. वहीं ट्रेनों को तीसरे लाइन से निकालने की तैयारी की जा रही है.

**इनका कहना...**

- दमोह के समीप पार्सल ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना हुई है, प्रशासन यातायात सुधार कार्य में लगा है. शीघ्र ही यहां से यातायात बहाल कर दिया जायेगा. तीसरी लाइन से भी ट्रेनों को चलाया जा रहा है.

बीएन गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे विश्व का सबसे सफल चीता पुनर्वास अभियान - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने चीतों को खुले बाड़े में छोड़ा



भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मालवा क्षेत्र के मंदसौर में गाँधी सागर अभयारण्य की भूमि पर प्रभास और पावक चीतों को खुले बाड़े में छोड़ा। चीतों के फर्राटे के साथ 20 अप्रैल, रविवार का दिन मालवा की भूमि के लिए ऐतिहासिक दिवस के रूप मे दर्ज हो गया। देश में पहली बार अंतर्राज्यीय स्तर पर चीतों का पुनर्वास हुआ है। यह दोनों चीते आज श्योपुर कूनो से मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह पूर्वक इन चीतों को खुले बाड़े में छोड़ा। यहां पर्याप्त संख्या में चीतल चिंकारा और छोटे जानवर हैं। दोनों 6 वर्षीय युवा चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में खुले में ही घूम कर शिकार कर रहे थे। इसलिए इन्हें सीधे खुले बाड़े में छोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चीता प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में सबसे अधिक सफल मध्यप्रदेश में हुआ है। पुनर्वास के बाद श्योपुर के कूनो में दुनिया में सबसे अधिक चीतों का जन्म हुआ है। मालवा की भूमि पर हम चीतों का स्वागत करते हैं। चीतों के आने से मंदसौर और नीमच जिलों मे पर्यटन की संभावनाओं को पंख लग जायेंगे। राजस्थान और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे, उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा। वन्य पर्यावरण की दृष्टि से मध्यप्रदेश की धरा पर चीतों का सफलतापूर्वक पुनर्वास किया गया है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री अनिरुद्ध मारू, श्री हरदीप सिंह डंग, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सत्य नारायण जटिया, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक वर्नवाल, संभाग आयुक्त श्री संजय गुप्ता और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री असीम श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से गांधीसागर अभयारण्य के लिए दो नर चीते प्रभास और पावक को 20 अप्रैल, रविवार की सुबह रवाना किया गया

## असम-60 वर्षीय बुजुर्ग ने काटा अपनी पत्नी का सिर, फिर साइकिल पर रखकर लेकर पहुंच गया थाने



नई दिल्ली. (आरएनएस) ।असम के चिरांग जिले में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने पहले अपनी पत्नी की हत्या की और उसके बाद उसके धड़ से सिर को अलग कर दिया. जिसके बाद वह पत्नी का धड़ लेकर पुलिस थाने पहुंच गया. जब पुलिस वालों के सामने उसने अपनी पत्नी का कटा सिर रखा और कहा कि मुझे गिरफ्तार कर लो. पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग की पहचान बितीश हाजोंग के रूप में की गई है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार में ले लिया है जबकि मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी तक हुई जांच में पता चला है कि पति पत्नी के बीच काफी लंबे समय से आपसी झगड़े हो रहे थे. आरोपी पति दिहाड़ी मजदूरी करता है.

जानकारी के अनुसार उसका पत्नी से झगड़ा हुआ था जिसके बाद उसने इस घटना को अंजाम दिया है. पुलिस के अनुसार आरोपी शख्स अपनी पत्नी का कटा हुआ सिर अपने साइकिल पर रखकर थाने पहुंचा था. उसने थाने में जाकर वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है. इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर उसकी पत्नी के शव को अपने कब्जे में ले लिया.

### इंडिगो पर भड़के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला



नई दिल्ली। शनिवार रात ज्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को लेकर श्रीनगर से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट को अचानक जयपुर भेज दिया गया, जिससे वह खासे नाराज हुए। उन्होंने दिल्ली एयरपोर्ट को 'गुड़-गोबर' बताते हुए अपनी नाराजगी जताई। देर रात एक्स पर किए पोस्ट में उमर अब्दुल्ला ने बताया कि उनकी फ्लाइट ज्मू से उड़ी थी, तीन घंटे हवा में रही और फिर 'दिल्ली एयरपोर्ट पर भीड़ या किसी अन्य परेशानी' के कारण जयपुर भेज दी गई।

## भागवत ने एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान भूमि के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया-मोहन भागवत



अलीगढ़ (आरएनएस)। भागवत ने कहा कि परिवार समाज की मूलभूत इकाई है, जो संस्कार से प्राप्त मजबूत पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने राष्ट्रवाद और सामाजिक एकता की नींव को मजबूत करने के लिए त्योहारों के सामूहिक उत्सव को प्रोत्साहित किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने ''एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान भूमि'' के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक सद्भाव के लिए प्रयास करने का आह्वान किया है। संघ प्रमुख अलीगढ़ के पांच दिवसीय दौरे पर हैं।

भागवत ने एच.बी. इंटर कॉलेज और सासनी गेट इलाके में पंचन नगरी पार्क में आयोजित दो शाखाओं में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिंदू समाज के सदस्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया है, जिसे केवल समरसता के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए सामाजिक सद्भाव पर जोर दिया। आरएसएस सूत्रों के अनुसार भागवत ने हिंदू समाज की आधारशिला के रूप में संस्कार के महत्व को रेखांकित किया और सदस्यों से परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों पर आधारित समाज बनाने का आग्रह किया।

उन्होंने आरएसएस सदस्यों से समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और उन्हें अपने घरों में आमंत्रित करने की वकालत की ताकि जमीनी स्तर पर सद्भाव और एकता का संदेश फैलाया जा सके। भागवत ने कहा कि परिवार समाज की मूलभूत इकाई है, जो संस्कार से प्राप्त मजबूत पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने राष्ट्रवाद और सामाजिक एकता की नींव को मजबूत करने के लिए त्योहारों के सामूहिक उत्सव को प्रोत्साहित किया। सत्रह अप्रैल से शुरू हुए अपने पांच दिवसीय दौरे के दौरान आरएसएस प्रमुख बृज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के आरएसएस प्रचारकों से प्रतिदिन मिल रहे हैं और उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं।

## बेंगलुरु हवाई अड्डे पर खड़े इंडिगो एयरलाइंस के विमान से टकरायी मिनी बस



बेंगलुरु-(आरएनएस) इंडिगो एयरलाइंस ने कहा, हम बेंगलुरु हवाई अड्डे पर पार्क किए गए इंडिगो विमान और एक 'थर्ड पार्टी' के वाहन के बीच हुई घटना से अवगत हैं। मामले की जांच जारी है और जरूरत के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो एयरलाइंस के एक खड़े हुए विमान से मिनी बस टकरा गई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारी ने बताया कि यह बस विमान के 'अंडरकैरेज' (निचले ढांचे) से टकरा गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

एक बयान में कहा गया, 18 अप्रैल 2025 को दोपहर लगभग 12ः15 बजे, रखरखाव के काम से जुड़ी एक एजेंसी (थर्ड पार्टी) द्वारा संचालित वाहन केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े एक विमान के अंडरकैरेज से टकरा गया। बयान में कहा गया है कि संबंधित पक्षों के साथ समन्वय कर सभी आवश्यक प्रोटोकॉल तत्काल लागू किए गए हैं। यात्रियों और हवाई अड्डा कर्मियों की सुरक्षा और संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का खुला पत्र

## 'भाजपा-संघ हमें बांटना चाहते है'



कोलकाता (आरएनएस)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण झूटा अभियान शुरू किया है। ममता ने दो पेज का खुला पत्र जारी कर ये आरोप लगाए। उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र करते हुए कहा- ये ताकतें उकसावे पर हुई घटना का इस्तेमाल, बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही हैं। ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लिखा- हम सांप्रदायिक दंगों की निंदा करते हैं और उन्हें रोकना चाहिए। दंगों के अपराधियों से सख्ती से निपटा जा रहा है, लेकिन हमें आपसी अविश्वास से बचना चाहिए। व?फ संशोधन कानून के खिलाफ 11 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन हुए। 12-1× अप्रैल को प्रदर्शन हिंसक हो गए। इस दौरान पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई थी। शनिवार को रा'यपाल सीवी आनंद बोस भी मुर्शिदाबाद पहुंचे थे। ममता ने लेटर में लिखा- भाजपा और उसके सहयोगी अचानक पश्चिम बंगाल में बहुत आक्रामक हो गए हैं। इन सहयोगियों में आरएसएस भी शामिल है। मैंने पहले आरएसएस का नाम नहीं लिया, लेकिन अब मुझे उनकी पहचान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इन सभी ने साथ मिलकर रा'य में एक दुर्भावनापूर्ण झूटा अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि ये 'फूट डालो और राज करो' का खेल खेलने की योजना बना रहे हैं। यह भयावह है। इन सबने रामनवमी के दिन को आग से खेलने की प्लानिंग बनाई थी, लेकिन बंगाल में रामनवमी का जश्न सबसे शांतिपूर्ण रहा है। इसके बाद वक्फ एक्ट के खिलाफ आंदोलन से जुड़े कुछ मामलों का इस्तेमाल करने की कोशिश की। ममता ने कहा कि दंगों से सभी प्रभावित हो सकते हैं, हम सभी से प्यार करते हैं, हम साथ रहना चाहते हैं, हम दंगों के खिलाफ हैं, वे हमें संकीर्ण चुनावी राजनीति के लिए बांटना चाहते हैं, हमने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और मानव जीवन और स्मान को बचाने के लिए सख्त एक्शन लिया है। दो पुलिस अधिकारियों को हटा दिया गया है। ममता ने कहा कि जब वे यूपी में बुलडोजर चलाते हैं, तो पीड़ा होती है।

## स्कार्पियों की टक्कर से परिवार खत्म... माता-पिता व दो वर्षीय बेटे ने दम तोड़ा, एक अन्य की भी मौत



टीकमगढ़, (आरएनएस)। टीकमगढ़ के कुडेश्वरधाम रोड पर एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें पति-पत्नी सहित एक दो वर्षीय मासूम भी शामिल है। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरे लोग लहूलुहान अवस्था में पड़े हुए थे। आसपास के लोगों ने गंभीर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां पर सभी की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए स्कार्पियों वाहन को जब्त किया है। अस्तोन गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत की खबर सुनकर गांव में गमहीन माहौल बन गया है।

## तालाब में नहाने गए 2 चचेरे भाईयों की मौत, एक-दूसरे को बचाने में गई जान



शिवपुरी (आरएनएस)। खनियाधाना थाना क्षेत्र के ग्राम चमरौआ में रविवार की दोपहर अपने दोस्तों के साथ तालाब पर नहाने गए चचेरे भाईयों की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बड़ा भाई पानी में डूब रहा था, तो उसे बचाने के लिए छोटा भाई गया। इसी दौरान दोनों पानी में डूब गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चमरौआ निवासी करण पुत्र रघुवर केवट (उम्र 18 साल) व उसका चचेरा भाई अभिषेक पुत्र विक्रम केवट (उम्र 13 साल) के खेतों से सटा हुआ पंचायत का तालाब है। दोपहर में वह दोनों खेत पर थे, तभी गर्मी अधिक होने के चलते दोनों अपने दोस्तों के साथ तालाब पर नहाने के लिए चले गए।

बताया जा रहा है कि करण को तैरना नहीं आता था, जबकि अभिषेक तैरना जानता था। सभी दोस्त तालाब में नहा रहे थे। उसी दौरान करण अचानक से गहरे पानी में चला गया। वह डूबने लगा। अभिषेक ने अपने भाई को पानी में डूबता हुआ देखा, तो वह उसे बचाने के लिए गहरे पानी में चला गया।

**ग्रामीणों ने दोनों के शवों को बाहर निकाला**

इसी दौरान करण ने अभिषेक के हाथ-पैर पकड़ लिए। दोनों भाई पानी में डूब गए। उनके दोस्तों ने दौड़कर पूरा घटनाक्रम खेतों पर मौजूद लोगों को बताया, तो सभी लोग तालाब पर पहुंचे।

पानी के अंदर जाकर दोनों को तलाशने का प्रयास किया गया। दोनों को पानी से बाहर निकाला, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## दुबे और शर्मा के बयानों से खुद को अलग करने की भाजपा की कवायद 'डैमेज कंट्रोल'-जयराम रमेश



नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा द्वारा उच्चतम न्यायालय की आलोचन किए जाने के बाद पार्टी को खुद से इससे अलग करने की कवायद को डैमेज कंट्रोल करार दिया और कहा कि सांसदों को पार्टी से निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। विपक्षी दल ने यह भी जानना चाहा कि दोनों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और उन्हें कारण बताओं नोटिस क्यों नहीं जारी किया गया। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) पर दो सांसदों द्वारा की गई %घृणित टिप्पणियों% से %निवर्तमान भाजपा अध्यक्ष% का दूरी बनाना कोई मायने नहीं रखता। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच %एक्स% पर अपने पोस्ट में कहा, %भारत के प्रधान न्यायाधीश पर भाजपा के दो सांसदों की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों से भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष द्वारा दूरी बनाए जाने का कोई विशेष अर्थ नहीं है। ये सांसद घृणा फैलाने वाले बयानों को बार बार दोहराते रहने के लिए कुख्यात हैं और जी2 अक्सर समुदायों, संस्थानों और व्यक्तियों पर हमले के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, %निवर्तमान भाजपा अध्यक्ष का स्पष्टीकरण डैमेज कंट्रोल के अलावा कुछ नहीं है। इससे कोई मूर्ख नहीं बनेगा। यह एंटायर पॉलिटिकल साइंस के बजाए एंटायर पॉलिटिकल हिपोक्रेसी है। कांग्रेस नेता ने कहा, लेकिन निवर्तमान भाजपा अध्यक्ष ने अपनी ही पार्टी के उच्च संवैधानिक पद पर बैठे एक अति विशिष्ट व्यक्ति द्वारा न्यायपालिका पर बार-बार की जा रही अस्वीकार्य टिप्पणियों पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। क्या इन टिप्पणियों पर उनका कोई मत नहीं है? क्या भाजपा इन बयानों का समर्थन करती है? उन्होंने कहा, %अगर संविधान पर इस तरह के निरंतर हमलों को प्रधानमंत्री मोदी की मौन स्वीकृति नहीं है तो इस सांसद के खिलाफ कड़े कदम क्यों नहीं उठा रहे? क्या नड्डा जी ने इन्हें कारण बताओ नोटिस दिया? कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने रमेश की टिप्पणी को टैग करते हुए एक्स पर कहा कि सीजेआई और उच्चतम न्यायालय के खिलाफ भद्दी टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसदों के खिलाफ न्यूनतम कार्रवाई उन्हें पार्टी से निष्कासित करना है। वासनिक ने कहा, लेकिन क्या भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष सांसदों को चेतावनी देने से आगे कुछ करेंगे? हम जानते हैं कि कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। दरअसल भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय पर निशाना साधते हुए कहा था कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में सुबह दुर्गेश चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बड़खेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 8 बजे उसके गांव का दशरू चौधरी उसके पास आया और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो हसिया से हमलाकर हाथ में चोट तथा हाथ मुक्कों से मारपीट की कर पीठ में चोट पहुँचा दी एवं गाली गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115( 2 ), 118( 1 ) 119( 1 ), 351( 2 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# लॉर्डगंज क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश

## विधायक लखन घंघोरिया के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी ने लार्डगंज थाने का घेराव कर पुलिस अधीक्षक के नाम सौपा ज्ञापन







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज जबलपुर की नगर कांग्रेस कमेटी ने लॉर्डगंज थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था की लगातार गिरती स्थिति, नशे के कारोबार के बढ़ते जाल, असामाजिक तत्वों की सक्रियता और पुलिस की अवैध चालानी वसूली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर लॉर्डगंज थाने का घेराव किया। विधायक श्री लखन घंघोरिया जी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसजनों और स्थानीय नागरिकों ने श्रीनाथ की तलैया से पैदल मार्च करते हुए थाना पहुँचकर ज्ञापन सौंपा और जनआक्रोश व्यक्त किया।

विधायक लखन घंघोरिया जी ने कहा

लॉर्डगंज थाना क्षेत्र में नशे का जाल युवाओं को बर्बादी की ओर ले जा रहा है। चोरी, छेड़छाड़ और लूट जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। पुलिस जनसेवा की बजाय चालानी कार्रवाई की आड़ में अवैध वसूली कर रही है। यदि शीघ्र सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो जनता के साथ मिलकर कांग्रेस और भी बड़ा आंदोलन करेगी।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री सौरभ 'नाटी' शर्मा जी ने कहा-

पुलिस अगर जनता को सुरक्षा देने की बजाय उन्हें डराने का माध्यम बन जाए, तो लोकतंत्र खतरे में है। नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अवैध चालानों पर रोक हमारी प्राथमिक मांग है। अब चुप नहीं बैठेंगे, हर मोहल्ले से आवाज़ उठेगी।

कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख माँगें रखी गईं-

1. लॉर्डगंज क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर तुरंत रोक लगाई जाए।
2. असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए।
3. पुलिस द्वारा की जा रही अवैध चालानी वसूली पर रोक लगाई जाए और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।
4. धारा 177 व 185 का दुरुपयोग रोका जाए।
5. संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त नियमित और प्रभावी की जाए।

इस आंदोलन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा,विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतेंद्र जैन जग्गू , वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर अरविंद जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मतीन अंसारी, कदिर सोनी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता झल्ले लाल जैन, मुकेश राठौर, अनुराग जैन गढ़वाल, विजय जैन चुन्ना ,अतुल बाजपेई, पार्षद गण अयोध्या तिवारी, याकूब अंसारी, गुलाम हुसैन, संजय साहू, हर्षित यादव, राकेश पांडे, वकील अंसारी, अख्तर अंसारी,गुड्डू नवी, प्रमोद पटेल, वकील अंसारी, अख्तर अंसारी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिव कुमार चौबे, आजम अली खान , आरिफ बेग, संजय अहिरवार, वरिष्ठ कांग्रेस शमीम अंसारी, ताहिर अली, रितेश अग्रवाल, रविन्द्र गौतम,रितेश बंटी, इस्तियाक अंसारी,गुप्ता,दिलीप साहू, रज्जू सराफ,रंबल विश्वकर्मा, सुबोध पहाड़िया, सचिन बाजपेई,पी पी पटेल, आसिफ इकबाल, रिजवान कोटी, तौफीक चंकी, सोनू सोनकर, प्रकाश पटेल,आलोक गुप्ता, यश घनघोरिया, रिंकू यादव, अभिषेख चंदेल, विजय पसेरिया,देवकी पटेल, श्वेता सैमुअल,अखिलेश सेठ,रामकुमार गुप्ता, हुकुम चंद्र जैन, मजहर उस्मानी, अस्सु खान, रिहैब कोटी, अफसार खान, सोनू लाला, शेख फारूख,मुख्तार अली, रामदास यादव,यावर चौधरी, आजम कुरैशी, मोह. नदीम, राहुल बघेल, नवल केसरवानी, रितेश नोतनानी , महेश पटेल सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित रहे । कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि यदि प्रशासन जनभावनाओं की अनदेखी करता है, तो सड़क से सदन तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

# जपियो जिन अर्जन देव गुरु फिर संकट जोन गर्भ न आयो गुरु अर्जन देव की महान देन है श्री गुरुग्रंथसाहिब





## आस्था पूर्वक मनाया गया गुरु अर्जनदेव जी का प्रकाशोत्सव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सिख धर्म के पंचम गुरु अर्जन देव जी का प्रकाशोत्सव आज नगर के विभिन्न गुरुद्वारों में पूर्ण आस्था और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा ग्वारीघाट में आयोजित कीर्तन दरबार में बाबा लखबिंदर सिंह ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब, गुरु अर्जन देव जी की महान देन है, जिसमें दुनियावी विषय विकारों का परित्याग कर ईश्वर उपासना का सीधा और सरल मार्ग प्रशस्त होता है । सुखमणि साहिब सहित 30 रागों में गुरुजी के 2218 शबद श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में शिद्दत से दर्ज हैं । ज्ञानीजी ने सरबत के भले की अरदास संपन्न कराई। तदोपरांत गुरु का लंगर वितरित किया गया । इस मौके पर खालसा सेवक जत्थे के सहयोग से साध संगत द्वारा निशान साहिब लहराने की कारसेवा की गई। चोला साहिब भेंट करने का सौभाग्य स. सरबजीत सिंह, सर्वेश सिंह परिवार को मिला । प्रधान साहब गुलजीत सिंह ने आभार व्यक्त किया।

गुरुद्वारा मढ़ाताल में रागी जत्था भाई नरिंदर सिंह एवं साथी साजिंदों ने सम सामयिक गुरुवाणी शबद जपियो जिन अर्जन देव गुरु, फिर संकट जोन गर्भ न आयो पेश कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यहां स्त्री सत्संग सभा के नेतृत्व में मातृशक्ति द्वारा 40 दिवसीय श्रृंखलाबद्ध श्री सुखमणि साहिब का जप तप सिमरन शुरू किया गया । यह 30 मई तक प्रातः 6 बजे से 7.15 बजे तक निरंतर जारी रहेगा।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार गोरखपुर में आयोजित वार्षिक सभा में प्रधानसाहब श्री रजिंदर सिंह छाबड़ा ने बताया कि आगामी 30 मई को गुरु अर्जनदेव जी का पवित्र शहीदी दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा । इसमें शिरकत करने हेतु श्री हरिमंदिर, दरबार साहिब, अमृतसर पंजाब के प्रसिद्ध रागी जत्था भाई सिमरनजीत सिंह एवं गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी हरविंदर सिंह, गंगानगर, राजस्थान आदि की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। आयोजन हेतु तैयारियां आरम्भ हो चुकी हैं । गुरुद्वारा माईयां, इकबाल भवन में सिख नारी मंच सहित विभिन्न गुरुद्वारों में प्रकाशपर्व मनाया गया।



# जबलपुर के अंकित सेन लखनऊ में सम्मानित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। माउंटेनमैन के नाम से अपनी पहचान बना चुके जबलपुर के ब्रांड एंबेसेडर अंकित सेन को लखनऊ में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया । अंकित सेन को यहाँ के प्रतिष्ठित के के सी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा भू विज्ञान के छात्रों के मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया गया था । महाविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर अंशुमाली शर्मा ने अंकित सेन को शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया । इस अवसर पर डॉ. नवल किशोर तिवारी , श्री शैलेन्द्र कुमार चौधरी और श्री वेद प्रकाश की विशिष्ट उपस्थित रही । युवा पर्वतारोही एवं प्रेरक अंकित सेन के विश्वव्यापी अनुभवों का लाभ लेने हेतु महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने उनके मार्गदर्शन में जबलपुर, चित्रकूट और लखनऊ के विविधताओं से भरे स्थानों का एक सप्ताह तक भ्रमण किया तथा ट्रेकिंग का भी प्रशिक्षण लिया । अंकित सेन ने अब तक तीन महाद्वीपों की यात्राएँ की हैं । इन तीनों महाद्वीपों ऑस्ट्रेलिया , अफ्रीका और यूरोप की सबसे ऊँची पर्वत चोटियों पर चढ़कर भारतीय राष्ट्रध्वज तिरंगा फहरा चुके अंकित सेन अब चौथे महाद्वीप के उच्च पर्वत शिखर को छूकर वहाँ तिरंगा फहराने की तैयारी कर रहे हैं । उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कोजुवस्की, अफ्रीका के माउंट किलीमंजारो और यूरोप के पर्वत शिखर माउंट एलुब्रस पर भारत का झंडा लहराया है । देश विदेश के कई रिकॉर्ड अंकित सेन के नाम हैं। साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए सामान्य ज्ञान की प्रतियोगी पत्रिकाओं में भी उनके नाम पर प्रश्न शामिल किए गए हैं । बातचीत के दौरान अंकित सेन बताते हैं - मेरा सपना विश्व के सभी महाद्वीपों के सबसे ऊँची पर्वत चोटियों पर भारत के राष्ट्र ध्वज को फहराने का है । साथ ही युवाओं को इस बात के लिए प्रेरित करना है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सफलता कैसे प्राप्त की जा सकती है ।

# पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा लोको पायलटों की कार्य स्थितियों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास

## वातानुकूलित लोको, उन्नत प्रशिक्षण, और बेहतर कार्य वातावरण के साथ लोको पायलटों के लिए सुविधा संपन्न वातावरण का निर्माण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेलवे के समर्पित लोको पायलट भारतीय रेल परिचालन व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो देशभर में यात्री एवं मालगाड़ियों को सुरक्षित, समयबद्ध एवं कुशलता से उनके गंतव्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके कार्य वातावरण को और अधिक सहज, सुरक्षित और सुविधा युक्त बनाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा अनेक पहलें की जा रही हैं, जिसमें पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर) अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2024-25 के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे ने लोको पायलटों की सुविधा के लिए 27 और लोकोमोटिव्स में वातानुकूलन सुविधा प्रदान की है। इस प्रकार, मार्च 2025 तक कुल 562 लोको को एयर कंडीशनर से सुसज्जित किया जा चुका है। यह सुविधा न केवल गर्मी में राहत देती है, बल्कि लंबे समय तक ट्रेनों का संचालन करते समय ड्राइवर की एकाग्रता और दक्षता को भी बनाए रखती है।रेलवे द्वारा लोकोमोटिव्स की केबिनों को एर्गोनोमिक सीटों और आधुनिक तकनीकों से युक्त कर उन्हें क्रू फ्रेंडली बनाया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के तहत 858 लोकोमोटिव्स को क्रू-फ्रेंडली कैबिन के रूप में विकसित करने की दिशा में सतत कार्य जारी है। लोको पायलटों की दक्षता और प्रतिक्रिया समय को बेहतर बनाने के लिए सिम्युलेटर आधारित प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। रनिंग स्टाफ के लिए विशेष सुरक्षा सेमिनार, परिवारों के साथ संवाद और परामर्श शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि उनके मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सतर्कता में सुधार हो सके। भारतीय रेलवे के सभी नए लोकोमोटिव्स में शौचालय की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है और पुराने इंजनों में रेट्रोफिटिंग के माध्यम से यह सुविधा जोड़ी जा रही है। डिज़ाइन में आवश्यक संशोधन कर इन्हें अधिक उपयोगी बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, भारी ट्रैफिक वाले मार्गों पर नए रनिंग रूम स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे रनिंग स्टाफ को विश्राम के लिए पर्याप्त समय मिल सके और उनकी कार्य अवधि में भी संतुलन बना रहे। वर्तमान तकनीकी प्रगति के अनुरूप, फॉग सेफ्टी उपकरण, ड्राइवर अलर्ट सिस्टम, 'कवच' तकनीक और उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम जैसी सुविधाओं से लोको पायलटों को कोहरे या विषम परिस्थितियों में भी सुरक्षित संचालन में सहायता मिल रही है। इसके अलावा, ऑनबोर्ड सुविधाओं, वॉकी-टॉकी संचार व्यवस्था और स्टेशनों पर नाश्ते तथा टॉयलेट ब्रेक की सहूलियत ने लोको पायलटों की कार्य संतुष्टि में वृद्धि की है।

विभिन्न श्रेणियों की ट्रेनों — जैसे मालगाड़ी, पैसेंजर, मेल/एक्सप्रेस एवं मेट्रो/सबअर्बन सेवाओं — में कार्यरत लोको पायलटों को शेड्यूल के अनुसार विश्राम और सुविधा का ध्यान रखा जाता है। स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के समय वे शौचालय एवं नाश्ते की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं और इस दौरान स्टेशन स्टाफ भी पूरा सहयोग प्रदान करता है।





# समाज जनों द्वारा भक्ति आस्था और समर्पण के साथ मनाई पुण्य सम्राट की पुण्य सप्तमी

## गुरु के जयकारों से गूंजा ज्ञान मंदिर परिसर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिदपुर रोड श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर परिसर स्थित श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में परम पूज्य साध्वी श्री सुपार्श्व निधि जी म सा आदि साध्वीवृदं की पावनकारी निश्रा में रविवार सुबह भक्तांबर गुरु गुण इक्कीसा के पाठ के साथ मंगल दिवस का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात प्रातः 9:00 बजे गुरु गुण स्मृति एवं गुरु वधामणा का आयोजन किया गया गुरु प्रतिमा को अक्षत एवं पुष्पों से लाभार्थी अजय कुमार आशीष कुमार चौरडिया परिवार द्वारा सुमधुर संगीत के साथ वधामणा किया गया। पूर्ण सम्राट की आरती का लाभ श्री मतीसंगीता विनोद कुमार पोरवाल द्वारा लिया गया पूज्य साध्वी जी ने कहा कि पुण्य सम्राट साक्षात वचन सिद्ध एवं भक्तों के लिए भगवान समान थे। उन्होंने अपना सारा जीवन संघ और समाज के लिए निस्वार्थ भाव से समर्पित कर दिया उनके द्वारा किए गए सात कार्यों को संघ और समाज सदैव याद रखेगा । यतिंद्र ज्ञानपीठ परीक्षा का पुरस्कार वितरण अतिथि श्रीमती संगीता पोरवाल राष्ट्रीय महामंत्री के द्वारा प्रदान किए गए दोपहर में जयंत सेन सुरी अष्टप्रकारी पूजन महिला एवं बहू परिषद द्वारा सुमधुर संगीत के साथ पढ़ाई गई जिसका लाभ अशोक कुमार हिमांशु कोचर परिवार द्वारा लिया गया ।तत्पश्चात गोगापुर गौशाला में गौ माता की सेवा हरा चारा एवं खल का आहार करवा कर महिला एवं बहू परिषद द्वारा की गई संध्या को पूज्य साध्वी जी महाराज साहब की निश्रा में सुमधुर भजनों के माध्यम से परमात्मा की भक्ति, गरबा एवं नृत्य के माध्यम से की गई रात्रि में 8:00 बजे परमात्मा एवं गुरुदेव की आरती का विशेष आयोजन समाज जनों द्वारा किया गया। साधार्मिक भक्ति एवं प्रभावना का लाभ श्रीमान सुनील कुमार शुभम कुमार मुणत परिवार द्वारा लिया गया जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चौरडिया ने सफलतम आयोजन के लिए समाज के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया इस मंगलकारी अवसर पर सकल जैन श्री संघ समाज के सभी वरिष्ठ महानुभाव नवयुवक महिला बहु तरुण बालिका परिषद में उपस्थित होकर गुरु के प्रति समर्पण एवं आस्था भाव को प्रकट किया। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी



भोपाल-ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ( एमपी ट्रांसको ) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई सुविधाएँ शुरू करने के बाद अब उसमें और अनेक नई सुविधाओं को जोड़ा है। अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने नागरिक और जन प्रतिनिधि जुड़ें -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चल रहे तीन माह अवधि के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण और उनकी देखरेख के कार्यों में नागरिकों की भागीदारी और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर अच्छे परिणाम सामने लाएं। शासन स्तर पर अभियान की निरंतर समीक्षा की जा रही है और डैश बोर्ड पर ग्राम एवं नगर स्तर के कार्यों को दर्ज करने का कार्य भी किया जा रहा है। श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 1.06 लाख जल दूत तैयार किए गए हैं, जो जल स्त्रोतों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 30 मार्च से प्रारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास विभागों सहित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्तर पर अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए। जिला कलेक्टर्स भी बैठक से वर्चुअल रूप से जुड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य देखने विभिन्न जिलों में जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्थापत्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण जल संरचनाओं की सूची तैयार की जाए। पुरातत्व और पर्यटन महत्व की ऐसी धरोहर को सहेजने की दृष्टि से संरक्षण गतिविधियों से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि भोपाल के साथ ही जबलपुर, सागर, उज्जैन नगरों में अनेक प्राचीन बावड़ियां विद्यमान हैं, वहां स्वच्छता के कार्य संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विभागवार अभियान के कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को जलस्त्रोतों और जल संरक्षण के महत्व की जानकारी प्रार्थना सभाओं के अवसर पर दी जाए। शिक्षा विभाग संस्कृति विभाग के साथ मिलकर विभिन्न पर्व और त्योहारों पर पानी के महत्व पर निबंध और भाषण स्पर्धाएं आयोजित करे। गंगा दशहरा और आखातीज जैसे अवसरों पर ऐसे कार्यक्रम किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले में सर्वाधिक 561 खेत तालाब बनाए जाने पर अधिकारियों को बधाई दी। बैठक में बताया गया कि जीआईएस आधारित प्रणाली में प्रदेश में निर्मित 76 हजार खेत तालाब की संख्या एक उपलब्धि है। प्रदेश में अनूपपुर जिला 275 खेत तालाब बनाकर दूसरे क्रम और अलीराजपुर जिला 216 खेत तालाब बनाकर तीसरे क्रम पर है। अमृत सरोवर निर्माण के लिए सिवनी जिले में सबसे अच्छा कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इन जिलों के कलेक्टर्स और अधिकारियों की टीम को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स से अभियान के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। भोपाल जिले में कलियासोत से कार्य प्रारंभ किया गया है। साथ ही बैरसिया में प्राचीन जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाया जा रहा है। रायसेन कलेक्टर ने बताया कि भोपाल शहर के नजदीक स्थित बेतवा नदी के उद्गम स्थल ग्राम झिरी में बोरी बंधान निर्माण के कार्य हो रहे हैं। टीकमगढ़ कलेक्टर ने बताया कि 70 प्राचीन तालाबों और 10 बावड़ियों के निकट क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाकर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य हो रहा है। शहडोल में तातापानी से गर्म जल की उपलब्धता के नाते यह विशेष स्थान माना जाता है। ऐसे स्त्रोतों को सहेजने का कार्य हो रहा है। सागर में पुरानी संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में लिया गया है। नदियों को पुनर्जीवित करने के कार्य भी किए जा रहे हैं। ग्वालियर में व्यापारी संघ ने सार्वजनिक प्याऊ के लिए मटकों और चील्ड कूलर की व्यवस्था की है। उपार्जन केंद्रों पर पानी के साथ शरबत और छांछ की व्यवस्था की जा रही है। राजगढ़ में मोहनपुरा क्षेत्र में इजराइल पद्धति से पानी के उपयोग और उज्जैन में गयाकोठा, बावनकुंड के साथ ही पंचक्रोशी यात्रा के मार्ग में अभियान के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में विभिन्न जिलों में पौधरोपण गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान में नवाचार करने वाले और सक्रियता से कार्य करने वाले जिलों की प्रशंसा की।

पेयजल प्रबंध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंध कार्यों की जानकारी विस्तार से प्राप्त की। उन्होंने हर जिले में प्रत्येक बसाहट में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश

प्राचीन जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करें, उपयोगी बनाएं। इन्हें अतिक्रमण से भी बचाएं।

स्थापत्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पुरानी बावड़ियों का दस्तावेजीकरण भी किया जाए।

अमृत सरोवर निर्माण के लक्ष्य पूरे करें।

खेत तालाब योजना में अधिकाधिक कार्य हों।

अभियान में जलदूत तैयार करें,जन प्रतिनिधियों को जोड़ें।

राज्य के भीतर नदियों को जोड़ने की संभावनाएं देखें ।

वन क्षेत्रों में पशुओं के लिए भी जल प्रबंध हों।

शहरी और ग्रामीण इलाकों में सार्वजनिक प्याऊ शुरू करें।

## अयोध्या नगर मार्केट में अवैध, अव्यवस्थित दुकानदारों पर करें चालानी कार्रवाई -राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने शनिवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में अयोध्या नगर वार्ड 68 के क्षेत्रवासियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और कहा कि जनसुविधा और व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। सरयू सरोवर पार्क की बाउंड्री के चारों ओर लगने वाली सब्ज़ी मंडी के कारण उत्पन्न हो रही जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध और अव्यवस्थित रूप से लगने वाले ठेलों पर चालानी कार्रवाई की जाए और सब्ज़ी विक्रेताओं को निर्धारित सीमा के अंदर ही रोका जाए। यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार से यातायात बाधित न हो। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने भ्रमण के दौरान अयोध्या नगर सेक्टर-ए और एच में सीवेज लाइन और सड़क निर्माण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमृत फेज़-2 योजना के अंतर्गत पहले सीवेज लाइन का कार्य हो, तत्पश्चात तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण सुनिश्चित करें। अयोध्या नगर - एन सेक्टर स्थित मां दुर्गा मंदिर के पास सड़क चौड़ीकरण, पार्क और मंदिर सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न मुद्दों के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। सेक्टर एल एवं एम के रहवासियों ने स्ट्रीट लाइट, सीवेज व्यवस्था, मंगल भवन निर्माण एवं सफाई से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन विषयों का त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। रॉयल एवेन्यू, अयोध्या नगर में रहवासियों से सीवेज लाइन की समस्या को संज्ञान में लेते हुए तत्काल अमृत फेज-2 के अंतर्गत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। अयोध्या नगर चौराहा गीत बंगले के रहवासियों ने कम प्रेशर से पानी मिलने की बात कहीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को जब तक प्रेशर लाइन ठीक नहीं हो जाती, तब तक ट्रैंकर से स्पलाई बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, ताकि भीषण गर्मी में पानी की समस्या से लोगों को नहीं जूझना पड़े।

**मंत्री सारंग ने किया ऐशबाग आरओबी का निरीक्षण-निर्माण कार्य में देरी पर जताई नाराजगी = 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश**

## ऐशबाग आरओबी से क्षेत्र की संपूर्ण यातायात व्यवस्था में आयेगा सकारात्मक परिवर्तन -मंत्री सारंग



भोपाल(आरएनएस)सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत ऐशबाग रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा में कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, जिससे जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि ऐशबाग आरओबी का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए 15 जून तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि क्षेत्र में यातायात के बढ़ते दबाव से ट्रैफिक की बड़ी समस्या थी, वहीं अब ऐशबाग स्टेडियम के सामने आरओबी के निर्माण से महामाई बाग, पुष्पा नगर सहित स्टेशन क्षेत्र से जो लोग नये भोपाल की ओर जाते थे, उनके लिये यह बहुत बड़ी सौगात होगी।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिये 10-10 फ्लाईओवर की शुरूआत की गई है। यही कारण है कि नरेला विधानसभा को फ्लाईओवर विधानसभा के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि ऐशबाग स्टेडियम के सामने का फ्लाईओवर संपूर्ण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लायेगा, जिससे नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। हमने यह सुनिश्चित किया है कि अब डैडलाइन को नहीं बढ़ाया जायेगा।

ऐशबाग स्टेडियम के समीप पार्किंग का किया जायेगा निर्माण

मंत्री श्री सारंग ने आरओबी के निरीक्षण के दौरान ऐशबाग स्टेडियम के समीप पार्किंग निर्माण हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम को रेनोवेट करने के साथ ही स्टेडियम कार्यालय के समक्ष स्थित पॉवर हाउस को दूसरी ओर शिफ्ट कर यहां व्यवस्थित पार्किंग स्थल बनाया जाये। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग (सेतु), जिला प्रशासन, यातायात व नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### साहब! मेरी मौत नहीं हुई है खुद को जिंदा साबित करने के लिए भटक रहा बुजुर्ग, कोई सुनने को तैयार नहीं

रीवां (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक बुजुर्ग, जिसे सरकारी कागजों में मृत घोषित कर दिया गया, अब वो खुद को जिंदा बताते हुए अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर लगा रहा है. बुजुर्ग का नाम काशी प्रसाद है. उसे सरकार की तरफसे मिलने वाली सभी योजनाएं बंद कर दी गई हैं. मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक जिंदा बुजुर्ग शख्स को कागजों में मृत घोषित कर दिया गया. इतना ही नहीं बाकायदा जिंदा बुजुर्ग का मृत प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया. हद तो तब हो गई, जब कागजों में मृत शख्स की अंत्येष्टि के लिए मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना के तहत राशि की स्वीकृत के आदेश भी दे दिए गए.

इन सब की जानकारी मृत शख्स को तब हुई, जब वो अपनी जमीन का केवाईसी कराने पहुंचे. जिस शख्स को कागजों में मृत घोषित किया गया, उनका नाम काशी प्रसाद है. काशी प्रसाद की उम्र 61 साल है. अब बुजुर्ग काशी प्रसाद अपने आप को जिंदा बताते हुए अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं. ये मामला रीवा जिले के भमकी गांव का है.

मृत व्यक्ति आया सामने

काशी प्रसाद अपनी मौत का प्रमाण पत्र लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और कहा कि साहब मैं जिंदा हूं. उनकी बात सुनकर अधिकारी भी सकते में आ गए कि कागजों में मृत व्यक्ति उनके सामने खड़ा है. काशी प्रसाद ने कहा कि गांव के सरपंच और सचिव ने 2018 में मुझे कागजों में मृत घोषित कर दिया.

## सीएम डॉ. यादव की जैसे ही पड़ी लस्सी की दुकान पर नजर, तो रुकवाया काफिला, और दुकान के सामने खड़े होकर चखा स्वाद

भोपाल (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को नीमच दौरे पर रहें. यहां शाह सीआरपीएफ के आयोजित 86 वें 'राइजिंग डे परेड' कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम के बाद वहीं, सीएम डॉ. मोहन यादव ने अपना काफिला एक लस्सी की दुकान के सामने रोक दिया. फिर मौजूद साथियों के साथ लस्सी और कचौरी का स्वाद चखा.

सीएम डॉ. यादव की जैसे ही पड़ी लस्सी की दुकान पर नजर, तो रुकवाया काफिला, और दुकान के सामने खड़े होकर चखा स्वाद

ष्टरू ष्ठह्. रूष्नद्भड्डठ्ठ ढ्ढंड्डस्रड्ड1 ढ्ढठ्ठ हृद्दद्वद्बह्वष्द्ध : मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव अपनी सहजता और सरलता को लेकर हमेसा चर्चा में रहते हैं. ऐसे ही एक बार सीएम अपने चित्रकूट दौरे पर थे, जहां उन्होंने कामतानाथ स्वामी जी की परिक्रमा के दौरान अपनी टीम के साथ एक चाय की दुकान पर रुक गए थे. यहां सीएम ने बड़ी ही सहजता से दुकान में चाय पी थी. वहीं, अब नीमच से भी ऐसी ही तस्वीर सामने आई है. जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को एक बार फिर अपनी सहजता का परिचय दिया. स्थानीय लोग सीएम की सहजता देख काफी प्रभावित हुए.

सीएम ने यहां लस्सी का आनंद लिया

दरअसल, गुरुवार को कार्यक्रम में शामिल होने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को विदाई देकर वे भी हवाई पट्टी लौट रहे थे. इस दौरान शहर बारादरी चौराहे पर एक लस्सी की दुकान देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवा दिया. बारादरी चौराहे पर स्थित उपकार लस्सी सेंटर पर पहुंचकर सीएम ने लस्सी का ऑर्डर दिया और अपने मौजूद साथियों के साथ ठंडी- ठंडी लस्सी का आनंद लिया.

कचोरी का स्वाद भी चखा...

सीएम के साथ सांसद सुधीर गुप्ता, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार और जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा भी मौजूद थे. जब मुख्यमंत्री को वहां की कचोरी की विशेषता के बारे में पता चला, तो उन्होंने कचोरी भी मंगवाई. कचौरी का स्वाद चखने के बाद सीएम ने तारीफ की.

सीएम ने खुद किया भुगतान

भुगतान के समय विधायकों ने पैसे देने की पेशकश की, लेकिन मुख्यमंत्री ने मना कर दिया. दुकानदार ने भी पैसे लेने से इनकार किया, फिर भी सीएम ने आम नागरिक की तरह भुगतान किया. दुकान के संचालक राकेश सैनी ने माला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उनसे संक्षिप्त बातचीत भी की.

### एमपी के 'डॉ. डेथ' ने किया चौंकाने वाला दावा, बोला- मेरे दस्तावेज हैं असली, मुझे तो फंसाया जा रहा है

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के दमोह जिले के मिशन अस्पताल में लापरवाही से सात मरीजों की मौत के लिए कथित तौर पर जिम्मेदार 'फर्जी' हृदय रोग विशेषज्ञ नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम ने गुरुवार को कहा कि वह एक ''बड़ी साजिश'' के शिकार हुए हैं. उन्होंने यह दावा भी किया कि उनके सभी दस्तावेज असली हैं. यादव ने पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद एक स्थानीय अदालत के बाहर मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की.इस दौरान यादव ने कहा कि मेरे खिलाफ बड़ी साजिश रची गई है. इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि मेरी सारी डिग्री असली है, जो आपको जांच पूरी होने के बाद पता चल जाएगा. थोड़ी देर इंतजार कीजिए. जांच से जुड़े सूत्रों ने भी बताया कि एमबीबीएस डिग्री के अलावा यादव ने अपनी स्नातकोत्तर डिग्री और अन्य दस्तावेजों के आधार पर दावा किया कि वह एक प्रशिक्षित हृदय रोग विशेषज्ञ है. दरअसल, पिछले सात अप्रैल को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किए गए यादव को शुक्रवार को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा. दरअसल, इस मामले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को एक शिकायत मिली थी, जिसमें दावा किया गया था कि दमोह के मिशन अस्पताल में सात लोगों की मौत हो गई थी. यादव ने इन सभी मरीजों की कथित रूप से सर्जरी की थी. इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया

## पंचायत पदाधिकारी अधिकारों की मांग के साथ कर्तव्यों का पालन करें : मंत्री पटेल

भोपाल (आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर पंच परमेश्वर की कल्पना की थी। राष्ट्रपिता की परिकल्पना में पंचायतों का कर्तव्य महत्पूर्ण था। पंचायत राज अधिनियम में कर्तव्यों के स्थान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों को बल दिया गया। पंचायत पदाधिकारी अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान दें। विवाद से विकास के कार्य संभव नहीं हैं। ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर और प्रशासनिक व्यवस्था से समन्वय बनाकर ही पंचायतों का विकास होगा। ग्राम पंचायतों को गांव की साफ-सफाई, सड़कों के निर्माण, कचरा प्रबंधन, गंदे पानी की निकासी, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शिक्षा के विकास, जल संरक्षण के कार्य तथा सामाजिक विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। पंचायत पदाधिकारियों से मैं लगातार संवाद कर रहा हूँ। ग्राम पंचायत की वास्तविकताओं का मुझे पूरा एहसास है। मंत्री श्री पटेल गुरुवार को रीवा में पंच सरपंच सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को सशक्त करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरपंचों की 15 लाख रुपए की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है। 15वें वित्त आयोग में हर पंचायत को पर्याप्त राशि दी जा रही है।

## गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा-उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर प्रदेश का पहला व सबसे पुराना चिकित्सा महाविद्यालय है। ग्वालियर-चंबल संभाग सहित प्रदेश के अन्य जिलों एवं राजस्थान व उत्तरप्रदेश के समीपवर्ती जिलों के मरीज महाविद्यालय और जेएएच अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय को उत्कृष्ट चिकित्सा के लिहाज से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरण, अधोसंरचना, चिकित्सक व पैरा मेडीकल स्टॉफ की पूर्ति सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि जेएएच अस्पताल समूह में आने के बाद हर प्रकार के मरीज को सभी प्रकार की उच्च स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिलनी चाहिए। यहां से किसी भी मरीज को कहीं ओर रेफर करने की नौबत न आए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को ग्वालियर में गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य परिषद की 10वीं बैठक में यहां की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर रहे थे।



बैठक में सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, राज्यसभा सांसद श्री अशोक सिंह , महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, विधायकगण श्री मोहन सिंह राठौर, डॉ. सतीश सिकरवार व श्री साहब सिंह गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, संचालक लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा एवं अध्यक्ष स्वाशासी समिति श्री नीरज सिंह , कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर के एस धाकड़ सहित सामान्य परिषद के अन्य सदस्यगण एवं मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय और संबद्ध अस्पतालों में उन्नत चिकित्सकीय सेवाओं बाईपास व ओपन हॉर्ट सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट, न्यूरोसर्जरी व यूरोलॉजी एवं केंसर के जटिल ऑपरेशन का प्रदाय शुरू करें। सभी जरूरी सुविधाएं सरकार उपलब्ध कराएगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश के हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि ग्वालियर मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के इंदौर, भोपाल, जबलपुर व रीवा के मेडीकल कॉलेज अस्पतालों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। इस दिशा में तेजी से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिए कि मेडीकल कॉलेज में स्वीकृत प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापकों के खाली पद भरने के लिए लगातार वॉक इन इंटरव्यू कराएं। साथ ही सुपर स्पेशिलिटी सहित अन्य विभागों में जरूरत के मुताबिक पद स्वीकृत कराएं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश भर में पदों की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा चिकित्सकों के 3500 एवं पेरा मेडीकल स्टाफ के 10 हजार पदों की भर्ती की जा रही है। अक्टूबर माह तक यह भर्ती प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इलाज के लिए जेएएच समूह आने वाले मरीजों एवं उनके अटेण्डर को अस्पताल पहुँचते ही ऐसा महसूस होना चाहिए कि यहाँ पर उनका स्वागत हो रहा है। उनके प्रति स्टाफ का व्यवहार संवेदशील हो और उन्हें इलाज के लिए भटकना न पड़े। ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे भर्ती की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण होकर और इलाज शुरू हो जाए। उन्होंने अस्पताल परिसर में मरीजों के आवागमन के लिए जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर वाहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## हस्ताक्षर तो तमिल में करें

तमिलों के प्रति अपना विशेष लगाव दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिल भाषा को दुनिया में ले जाने की बात उठाई। उन्होंने तमिल माध्यम से शिक्षा शिक्षा प्रदान करने की वकालत की ताकि गरीब छात्रों को भी लाभ मिल सके। तमिलनाहु में पम्बन ब्रिज के उद्धाषण भाषण में उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन का नाम लिये बगैर कहा, तमिलनाडु के नेताओं के पत्रों में हस्ताक्षर अंग्रेजी में होते हैं। मोदी ने तंज करते हुए कहा, अगर हमें तमिल पर गर्व है तो मैं अनुरोध करूंगा कि कम से कम हस्ताक्षर तो तमिल में करें। राज्य सरकार को पिछली सरकार की तुलना में अधिक धन आवंटित किये जाने पर मोदी ने कहा कि, कुछ लोगों को रोने की आदत होती है, वे रोते रहते हैं। स्टालिन की गैरहाजरी में ही राज्य में 8300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। हालांकि स्टालिन के प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल न होने को भाजपा ने प्रधानमंत्री का अपमान बताया है। कहा जा सकता है कि नई शिक्षा नीति पर चल रही हिन्दी थोपने की बहस को लेकर मोदी ने परोक्ष में हस्ताक्षर वाली बात पर प्रहार किया। यह टिप्पणी केंद्र व तमिलनाडु सरकार के दरम्यान चल रहे त्रि-भाषा नीति को लेकर चल रहे विवाद को तूल भी दे सकती है। अगले साल राज्य में होने वाले चुनाव से इस घटनाक्रम को जोड़कर देखा जा सकता है। भाजपा गठबंधन फिर से अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के साथ सरकार बनाने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है। राज्य के चुनावी बिसात में पुराने मोहरे बिछाने की तैयारी के अतिरिक्त मोदी सरकार के पास बेहद सीमित मार्ग हैं। हालांकि मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री का इस्तकबाल करके बड़प्पन दिखाना शोभनीय होता।

# कोई जनेऊ उतरवा रहा है, कोई ब्राह्मण पर पेशाब करने की बात कर रहा है, आखिर ब्राह्मणों ने बिगाड़ा क्या है?

अपनी फिल्मों की तरह असल जि़न्दगी में भी अभद्र भाषा के लिए कुख्यात फिल्मकार अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात कह कर अपनी मानसिक स्थिति का परिचय दिया है। हालांकि जब बयान की आलोचना की गयी तो उन्होंने कहा है कि उनकी टिप्पणी को सही संदर्भ में नहीं लिया गया।

रोज सुबह-शाम ईश्वर की आराधना करते समय सबके कल्याण और विश्व में शांति के लिए प्रार्थना करने वाले ब्राह्मणों ने किसी का क्या बिगाड़ा है? यह सवाल हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कभी दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की दीवारों पर %ब्राह्मण भारत छोड़ो% का नारा लिख कर वामपंथी सामाजिक तनाव फैलाने का प्रयास करते हैं तो कभी खबर आती है कि कर्नाटक में एक परीक्षा केंद्र में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहा जाता है। कभी खबर देखने को मिलती है कि एक फिल्म निर्माता निर्देशक ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात खुलेआम कह देता है।

देखा जाये तो हमारे देश की जाति व्यवस्था में ब्राह्मण को गुरु, पूज्य और यहाँ तक कि तीर्थस्वरूप माना गया है। कोई भी शुभ कार्य करना हो तो ब्राह्मण ही उसे संपन्न कराता है। पौराणिक ग्रंथों में तो उल्लेख मिलता है कि ब्राह्मण को कभी निराश नहीं करना चाहिए और ब्राह्मणों को दिये जाने वाला दान-दक्षिणा जन्म जन्मांतरों तक मनुष्य को अक्षय फल प्रदान करता है। लेकिन आज ब्राह्मणों के अपमान का फैशन-सा चल पड़ा है। चूंकि ब्राह्मण अपने हक के लिए या अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार के विरोध में सड़कों पर नहीं उतरते इसलिए सरकारों का ध्यान भी उनकी ओर नहीं जाता। देखा जाये तो इतिहास गवाह है कि ब्राह्मणों ने कभी विद्रोह नहीं किया ना ही अपने हक के लिए कोई बड़ी लड़ाई लड़ी है। ब्राह्मण का प्रयास रहता है कि समाज में शांति और समृद्धि बनी रही। ब्राह्मणों के खिलाफ अक्सर अफवाहें और दुष्प्रचार अभियान भी चलाये जाते हैं लेकिन वह खामोशी से यह सोचते हुए सब कुछ देखते रहते हैं कि एक दिन प्रभु कृपा से सच सामने आ ही जायेगा।

जहां तक कर्नाटक के शिवमोगा में सीईटी परीक्षा केंद्र आदिचुंचनगिरि पीयू कॉलेज में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहने की बात है तो इसको देखकर हर कोई स्तब्ध है। कर्नाटक ब्राह्मण सभा के सदस्य नटराज भागवत की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है।

देखना होगा कि इस मामले में कोई बड़ी कार्रवाई होती है या नहीं लेकिन जिसने भी जनेऊ उतारने के लिए कहा या कहलवाया उसे पता होना चाहिए कि यज्ञोपवीत यानि जनेऊ ब्राह्मण को प्रदत्त महान शक्ति है। यह शक्ति अत्यन्त शुद्ध चरित्रता और कठिन कर्तव्य परायणता प्रदान करने वाली है। यज्ञोपवीत न तो मोतियों का है और न स्वर्ण का, फिर भी यह ब्राह्मणों का आभूषण है। इसके द्वारा देवता और ऋषियों का ऋण चुकाया जाता है। जिन्होंने छात्रों को जनेऊ उतारने के लिए कहा उन्हें पता होना चाहिए कि यज्ञोपवीत से सत्य व्यवहार की आकांक्षा, अग्नि के समान तेजस्विता और दिव्य गुणों की पवित्रता प्राप्त होती है।

वहीं दूसरी ओर, अपनी फिल्मों की तरह असल जि़न्दगी में भी अभद्र भाषा के लिए कुख्यात फिल्मकार अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात कह कर अपनी मानसिक स्थिति का परिचय दिया है। हालांकि जब बयान की आलोचना की गयी तो उन्होंने कहा है कि उनकी टिप्पणी को सही संदर्भ में नहीं लिया गया। देखा जाये तो अनुराग कश्यप की कई फिल्में शीघ्र आने वाली हैं इसलिए सुर्खियों में आने और अपनी फिल्मों के प्रचार के लिए उन्होंने ब्राह्मणों के खिलाफ अमर्यादित बयान दे डाला। वैसे भी आजकल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए किसी समाज या किसी इतिहास पुरुष के खिलाफ कोई विवादित बयान देने का चलन हो गया है। हम आपको यह भी बता दें कि शास्त्र सम्मत तरीके से अपना जीवन जीने वाले ब्राह्मणों पर अनुराग कश्यप की अशोभनीय टिप्पणी से समाज में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है इसलिए कुछ संगठनों की ओर से प्रदर्शन भी किये गये हैं।

बहरहाल, कुछ समय पहले दिल्ली स्थित जेएनयू की दीवारों पर %ब्राह्मण भारत छोड़ो% का नारा लिख कर अपनी जातिवादी सोच को प्रदर्शित करने वालों को पता होना चाहिए कि भारत की आजादी का शुभ मुहूर्त भी ब्राह्मणों ने ही निकाला था।

## अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी खरीदना शुभ, इस बार दिनभर श्रेष्ठ मुहूर्त

ज्योतिष के जानकारों के अनुसार, इस बार अक्षय तृतीया पर सुबह से रात तक दान, पुण्य, खरीदी व नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ का शुभ मुहूर्त है। स्थायी सुख, समृद्धि व व्यापारिक उन्नति के लिए इसका लाभ लिया जा सकता है।

अक्षय तृतीया पर होता है अबूझ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। इसका अर्थ यह है कि इस दिन दान धर्म, खरीदी, नए कार्य की शुरुआत व मांगलिक कार्य करने के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं रहती है।

पंचांगीय गणना में इस बार आखातीज पर अतिशुभ मुहूर्त के श्रेष्ठ योग बन रहे हैं। इस योग में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति के लिए कार्य किए जा सकते हैं। बुधवार के दिन रोहिणी नक्षत्र व शोभन योग30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का पर्वकाल बुधवार के दिन रोहिणी नक्षत्र, शोभन योग व वृषभ राशि के चंद्रमा की की साक्षी में रहेगा। बुधवार के दिन रोहिणी नक्षत्र का होना सर्वार्थसिद्धि योग का निर्माण करता है।

यह योग हर प्रकार के कार्य को सफलता प्रदान करने वाला माना गया है। वहीं 27वां नक्षत्रों में शोभन योग को अत्यंत ही शुभ माना गया है। इस योग की साक्षी में किया गया पुरुषार्थ शुभ होकर सफलता व शुभता प्रदान करने वाला माना गया है।अक्षय तृतीया अबूझ मुहूर्त होने से इस दिन विवाह आदि मांगलिक कार्य करने का विशेष महत्व है। इस दिन शहर में अनेक स्थानों पर सामूहिक विवाह के आयोजन होंगे। हर शहर में दिनभर शहनाई की गूंज सुनाई देगी।


अक्षय पुण्य के लिए करें यह कार्य

अक्षय तृतीया पर भगवान शिव की प्रसन्नता के लिए जल अर्पण तथा गलंतिका बांधने का विशेष महत्व है।

## समंदर में वैज्ञानिकों ने देखा रहस्यमय जीव, पहली बार जिंदा देखकर निकल गई चीख

समुद्र की गहराइयों में कई रहस्यमई राज छिपे हुए है। इन राजों को बाहरी दुनिया तक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक समय समय पर कैमरों की मदद से समुद्र की गहराइयों में जाकर इन राज का पता लगाते है। इसी बीच समुद्र की ऐसी जानकारी सामने आई है जिसको प्रत्यक्ष रूप से अपने सामने देखकर खुद वैज्ञानिक भी अपनी खुशी को नहीं रोक सके और उनकी उत्साह में चीख निकल गई।

समुद्र की गहराईयों में छिपा रहने वाला एक विशालकाय और दुर्लभ जीव अब दुनिया के सामने आ गया है क्योंकि वैज्ञानिकों ने इसे समुद्र में प्रत्यक्ष रूप से अपने सामने देखा है। वैज्ञानिकों ने इसे अपने कैमरे में कैद किया जिसकी बदौलत आम लोग इस जीव को देख पा रहे है।



जानकारी के मुताबिक अंटार्कटिका के बर्फीले पानी में पहली बार वैज्ञानिकों को कोलोसल स्क्विड को देखा है। ये कोलोसल स्क्विड पूरी तरह से सेहतमंद और जीवीत है। कोलोसल स्क्विड को देखना इतना अद्भुत नजारा था कि रिसर्चर्स की आंखें भी इसे देखकर खुद पर पहली बार में भरोसा नहीं कर सकी। रिसर्चर्स की इस लम्हे को देखकर सांसे थम सी गई थी।

बता दें कि कोलोसल स्क्विड को आंखों के सामने जीवित देखना इतना दुर्लभ पल वैज्ञानिकों के लिए इसलिए भी है क्योंकि ये दुनिया का सबसे भारी बिना रीढ़ वाला जीव है। इसकी लंबाई 23 फीट तक हो सकती है जबकि इसका वजन 500 किलो तक पहुंच सकता है। इसकी आंखें किसी भी जीव में सबसे बड़ी मानी गई है जो कि एक फुटबॉल के जितनी बड़ी हो सकती है। इसके हाथ भी आठ होते हैं और दो लंबे टेंटकल्स पर घूमने वाले हुक होते हैं, जिससे के जीव अपने आप में अनोखा होता है। जानकारी के मुताबिक इस जीव को पहली बार नौ मार्च की सुबह जींदा देखा गया था। रिसर्च वेसल 'फाल्कर (टू)' का रिमोट कंट्रोल सबमर्सिबल 'सुबास्टियन' अंटार्कटिका के पास 600 मीटर गहराई में उतरा था। इस दौरान कैमरे में कुछ दिखा, जिसे सबसे पहले ऑकलैंड यूनिवर्सिटी की डॉ. कैट बोल्स्टैड ने देखा। इस जीव को देखकर डॉ. कैट बोल्स्टैड की खुशी से चीख निकली और वो बोली हमनें इसे ढूंढ लिया। ये वो ही है। वीडियो में इस जीव की आंखों से निकलती चमकदार इंद्रधनुष सी रोशनी दिख रही है। 360 डिग्री घूमने वाली शिकारी हुक और पारदर्शी शरीर जो गहरे पानी में छिपने में मदद करता है, वो भी दिख रहा है। बता दें कि वर्ष 1925 में यानी अब से 100 वर्ष पहले इस जीव को खोजा गया था, जब इस पहली बार जीवित देखा गया था। इसके बाद से ये स्क्विड मृत या मरने की अवस्था में ही दिखाई दिए थे। इसके अलावा व्हेल के पेट में भी इस जीव के अवशेष मिलते थे।

### क्यों मनाई जाती है अक्षय तृतीया, जानिए सतयुग-त्रेतायुग से लेकर भगवान विष्णु और परशुराम तक जुड़ी मान्यताएं

वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है। अक्षय तृतीया में कई तरह की नई चीजें खरीदी जाती है और दान-पुण्य के कार्य किए जाते हैं। अक्षय तृतीया पर खासतौर पर सोने की खरीदारी की जाती है। इस साल अक्षय तृतीया का त्योहार 10 मई शुक्रवार को मनाया जाने वाला है। अक्षय तृतीया पर माता लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा की जाती है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं।

अक्षय तृतीया मुहूर्त

वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि 10 मई 2024 को प्रात: 4÷17 बजे प्रारंभ होगी। वहीं, यह तिथि 11 मई को 02÷50 बजे समाप्त होगी। ऐसे में अक्षय तृतीया का त्योहार 10 मई, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन पूजा का शुभ समय सुबह 5.33 बजे से दोपहर 12.18 बजे तक रहेगा। अक्षय तृतीया को कई कारणों से साल का सबसे शुभ दिन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया से ही सतयुग और त्रेतायुग का आरंभ हुआ था। इसी दिन भगवान विष्णु ने नर नारायण का अवतार भी लिया था।

## धर्म और पूजा में स्त्रियों की भूमिका: एक तथ्यपूर्ण विश्लेषण

विवेक रंजन श्रीवास्तव

धार्मिक परंपराओं में स्त्रियों की भूमिका हमेशा से विवाद का विषय रही है। कई धर्मों में स्त्रियों को पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठानों और धर्मस्थलों में पुरुषों के बराबर अधिकार नहीं दिए गए हैं। हालाँकि, कुछ धर्मों के मूल ग्रंथों में स्त्रियों को समानता का दर्जा दिया गया है, लेकिन व्यवहार में अभी भी भेदभाव बना हुआ है। आइए, विभिन्न धर्मों में स्त्रियों की पूजा-पद्धति में भागीदारी की स्थिति का विश्लेषण करें।

इस्लाम में स्त्रियों की पूजा (नमाज) में भागीदारी..

इस्लाम में धार्मिक समानता का सिद्धांत है, लेकिन व्यवहार में महिलाओं को कई प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है।

क्या कहता है कुरान?

- कुरान स्पष्ट रूप से महिलाओं को नमाज पढ़ने से नहीं रोकता।

- हदीसों में भी महिलाओं के लिए घर में नमाज पढ़ने को बेहतर बताया गया है, लेकिन मस्जिद जाने से मना नहीं किया गया।

- पैगंबर मुहम्मद (स.अ.व.) के समय में महिलाएँ मस्जिद जाती थीं और पुरुषों के पीछे अलग पंक्ति में नमाज अदा करती थीं।

वर्तमान स्थिति:-हाल ही दोहा में एक अलग मस्जिद स्त्रियों के लिए बनाई गई है। - भारत और कई देशों में अधिकांश मस्जिदों में महिलाओं के लिए अलग प्रार्थना स्थल नहीं होता, जिसके कारण उन्हें मस्जिद जाने से रोका जाता है। - कुछ प्रगतिशील मस्जिदें (जैसे केरल की कुछ मस्जिदें और दिल्ली की जामा मस्जिद) महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था करती हैं, लेकिन यह अपवाद है।

- **महिला आयोग और सरकार को चाहिए कि वे मस्जिद प्रबंधन से महिलाओं के लिए पृथक प्रार्थना कक्ष की माँग करें**, ताकि धार्मिक समानता सुनिश्चित हो सके।

हिंदू धर्म में स्त्रियों की पूजा में भागीदारी..

हिंदू धर्म में स्त्रियों को देवी के रूप में पूजा जाता है, लेकिन कई मंदिरों में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध हैं।

शास्त्रों का दृष्टिकोण

- वेदों और पुराणों में महिलाओं को यज्ञ और पूजा में बराबरी का अधिकार दिया गया है। - ऋग्वेद में लोपामुद्रा, गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषी महिलाओं का उल्लेख है, जो धार्मिक चर्चाओं में भाग लेती थीं। =वर्तमान स्थिति:- **कुछ मंदिरों (जैसे सबरीमला, पुरी जगन्नाथ मंदिर) में महिलाओं के प्रवेश पर रोक** है, जिसे लेकर विवाद हो चुके हैं।

### वैशाख मास में भगवान श्री विष्णु ने लिए थे 3 अवतारज्ञ बहुत आसान चीजें दान कर पा सकते हैं बड़ा पुण्य लाभ

इस माह श्री विष्णु के अवतार भगवान परशुराम के साथ नृसिंह और बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। इसके साथ ही इस माह नारद जयंती व सीता नवमी का पर्व भी मनाया जाता है। इस पवित्र माह में भगवान विष्णु की पूजा के साथ दान-पुण्य का महत्व है।

गर्मी के मौसम में जल का दान करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। सनातनी अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम और नरसिंह जयंती व बुद्ध पूर्णिमा को पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ मनाते हैं।

जल और पादुकाओं का दान करने का विशेष महत्व

वैशाख का महीना जगत के पालनहार भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित माना गया है। इसी के साथ इस महीने में तुलसी पूजन का भी विशेष महत्व है।

ऐसा करने से साधक के घर-परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहता है। इसके अलावा वैशाख माह में पवित्र नदी में स्नान करने और गरीबों व जरूरतमंद लोगों को दान करने का भी विशेष महत्व माना गया। इस माह जल और पादुका यानी जूते-चप्पल का दान श्रेष्ठ माना जाता है। यह माह वैकुंठवासी श्री हरि को यह विशेष रूप से प्रिय है।अक्षय तृतीया पर अवतरित हुए थे भगवान परशुराम अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम इस पावनधरा अवतरित हुए थे।

## हार्वर्ड पर ट्रम्प के गुस्से के मायने

कृष्णमोहन झा


अमेरिका में एक अंतराल के बाद पुन: राष्ट्रपति की कुर्सी पर आसीन होने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प अपने कई विवादित फैसलों, बयानों और कार्यशैली ?के माध्यम से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर चुके हैं और यह सिलसिला थमने के अभी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। वे अमेरिका के अंदर और अमेरिका के बाहर की दुनिया को लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी क्षेत्र में उनकी मर्जी के आगे सबको नतमस्तक होना चाहिए चाहे वह अमेरिका का ही विश्वविख्यात सु प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ही क्यों न हो। इस बार उन्होंने अमेरिका की इस हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के उस प्रबन्धन को अपना कोप भाजन बनाया है जिसने अमेरिका सरकार से संघीय वित्त पोषण के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक मदद पर रोक की परवाह न करते हुए डोनाल्ड ट्रम्प की मांगें स्वीकार करने से दृढ़ता पूर्वक इंकार कर दिया है। ट्रम्प चाहते हैं कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में अमेरिकी मूल्यों के विरुद्ध आचरण करने वाले छात्रों की सूचना सरकार को दी जाए , यूनिवर्सिटी अपने विभागों का आडिट किसी बाहरी कंपनी के माध्यम से कराये, हार्वर्ड में विरोध प्रदर्शन में नियमों का उल्लंघन करने के विरुद्ध यूनिवर्सिटी सख्त कार्रवाई करे । इसके अलावा ट्रम्प ने यूनिवर्सिटी से अपनी विविधता समानता और समावेशन की नीति में बदलाव लाने की मांग की । यहूदी विरोधी प्रदर्शनों को सबसे ज्यादा बढ़ावा देने वाले विभागों की सूचना सरकार को देने की मांग भी इनमें शामिल है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर ने अमेरिकी राष्ट्रपति की इन मांगों को संस्थान की स्वायत्तता और संप्रभुता में हस्तक्षेप मानते हुए जब उन्हें मानने से दृढ़ता पूर्वक इंकार कर दिया तो ट्रम्प को उनकी यह दृढ़ता यह इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने सरकार की ओर से यूनिवर्सिटी को दिए जाने वाले 2.2 बिलियन डॉलर का फंड रोकने के आदेश जारी कर दिए । इतना ही नहीं ट्रम्प ने यह यूनिवर्सिटी प्रबंधन को यह धमकी भी दी कि वह अगर अपनी नीतियों में बदलाव के लिए तैयार नहीं है तो उसे अपना कर-मुक्त दर्जा खोकर राजनीतिक इकाई के रूप में काम करना शुरू कर देना चाहिए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच कुछ दिन पूर्व शुरू हुआ यह विवाद अब और गहराता जा रहा है और निकट भविष्य में दोनों के बीच सुलह की संभावनाएं धूमिल होती जा रही हैं । हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अधिकृत समाचार पत्र % द क्रिमसन %ने कहा कि हार्वर्ड ने सबसे स्पष्ट और सबसे साहसिक संदेश भेजा है। हमारे मूल्य बिक्री के लिए नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के पद पर डोनाल्ड ट्रम्प के पहली बार निर्वाचित होने के पूर्व राष्ट्रपति पद पर लगातार दो कार्यकाल पूर्ण कर चुके बराक ओबामा ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर के रुख का समर्थन करते हुए कहा है कि हार्वर्ड ने उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उसने अकादमिक स्वतंत्रता को दबाने के गैर कानूनी और अमानवीय प्रयास को खारिज कर दिया है। ओबामा ने उम्मीद जताई कि अन्य विश्वविद्यालय भी उसका अनुसरण करेंगे ।

गौरतलब है कि 1636 में स्थापित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने केवल अमेरिका ही नहीं बल्कि सारी दुनिया में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थान के रूप में अभूतपूर्व ख्याति अर्जित की है।इसकी दस शैक्षणिक इकाइयां हैं जिनसे पढ़ कर निकले प्रतिभाशाली छात्रों ने शिक्षा , साहित्य, राजनीति, विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में इस संस्थान का नाम रोशन किया है। पूर्व राष्ट्रपति जान एफ कैनेडी, जार्ज डब्ल्यू बुश ,बराक ओबामा , हेलन केलर,थियोडोर रूजवेल्ट,मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स , रतन टाटा जैसी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हस्तियां ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ कर ही सफलता की आकाशीय ऊंचाईयों को स्पर्श किया। अतीत में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाली अनेक महान विभूतियों ने भी हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण की थी यह फेहरिस्त भले ही बहुत लंबी हो लेकिन अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मानते हैं कि अमेरिका के इस विश्व विख्यात शिक्षा संस्थान ने अब दुनिया में टाप यूनिवर्सिटी की किसी भी सूची में शामिल होने का अधिकार खो दिया है क्योंकि यह संस्थान अब अपने रास्ते से भटक गया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने विगत दिनों यहां तक कह दिया कि यह कट्टरपंथी, वामपंथी, मूर्ख और पक्षपाती लोगों को काम पर रख रहा है जो छात्रों और तथाकथित विपक्ष के नेताओं को केवल विफल होना सिखा सकता है। ट्रम्प ने यूनिवर्सिटी पर छात्रों को मूर्खता और नफ़रत सिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब इस संस्थान को और फंडिंग नहीं की जानी चाहिए। जाहिर सी बात है कि डोनाल्ड ट्रम्प

के राष्ट्रपति रहते हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग तभी जारी रह सकती है जबकि यूनिवर्सिटी प्रबंधन ट्रम्प से न केवल क्षमा याचना करने बल्कि उनकी उन शर्तों को मानने के लिए भी तैयार हो जाए जिन्हें यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट एलन गार्बर गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दे चुके हैं। बताया जाता है कि अमेरिका के कई दूसरे विश्वविद्यालय भी अब हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के समर्थन में आ खड़े हुए हैं। जाहिर सी बात है कि डोनाल्ड ट्रम्प और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के बीच प्रारंभ हुए इस विवाद का कोई संतोषजनक समाधान तभी निकल सकता है जबकि डोनाल्ड ट्रम्प यूनिवर्सिटी की फंडिंग के बारे में और कठोर फैसले के बिंदु तक पहुंचने के पहले उसके गौरवशाली इतिहास पर भी विचार करें। ट्रम्प को यह तो मानना ही चाहिए कि उनके देश के इस उच्च शिक्षा संस्थान ने सारी दुनिया में अपनी धाक और साख में कभी कमी नहीं आने दी। क्या यह अमेरिका के लिए गौरव का विषय नहीं है।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यावसायिक कार्य योजना में बदलाव करना जरूरी है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा। आज आपकी इनकम अच्छी रहेगी।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस में अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा, इसलिए आलस करने से बचना चाहिए।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवार का संपत्ति संबंधित मामला सुलझ सकता है, जिसमें आपको घर के सदस्यों की मदद भी मिलेगी।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप और मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी।

कन्या राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज इस बात का भी ध्यान रखें, कि भावनाओं में आकर महत्वपूर्ण निर्णय ना ले। माता-पिता अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें,

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। दिन भर भाग-दौड़ की स्थिति रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार होगा। रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा,

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी प्रभावित इलाकों में जाएं तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। राज्य में पिछले कई दिनों में आंधी और बारिश हुई है। बयान के अनुसार योगी ने कहा कि बिजली गिरने, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि दी जाए साथ ही घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अधिकारी फसल नुकसान का आकलन करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में कार्रवाई की जा सके।



# रक्षा सचिव ने लंदन में की ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन पर चर्चा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और यूनाइटेड किंगडम ने उभरते क्षेत्रीय और वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की है। यह समीक्षा रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के दो दिवसीय लंदन दौरे के दौरान की गई। रक्षा सचिव ने यहां दोनों देशों की आर्मी, नौसेना और वायुसेना के बीच सैन्य संपर्क बढ़ाने पर भी विचार किया। ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन को लेकर भी यूनाइटेड किंगडम के साथ चर्चा की गई है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह 16 और 17 अप्रैल को लंदन की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस यात्रा में उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के साथ वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता के लिए एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यात्रा के दौरान, उन्होंने रक्षा के लिए स्थायी अवर सचिव डेविड विलियम्स के साथ 24वीं भारत-यूके रक्षा सलाहकार समूह की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने उभरते क्षेत्रीय और वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ-साथ रक्षा संबंधों को गहरा करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता जताई है।

शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चर्चा 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाता है। रक्षा सचिव ने यूके के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी बातचीत की, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संपर्क का विस्तार करने को लेकर चर्चा हुई। यहां इस बातचीत में दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर फोकस किया गया। रक्षा सचिव ने लंदन में यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा आयोजित भारत-यूके रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन में प्रतिभागियों को संबोधित किया।


रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने यहां नौसेना प्रणाली, ड्रोन, निगरानी, डिफेंस स्पेस और विमानन जैसे प्रमुख रक्षा क्षेत्रों में भारतीय स्टार्ट-अप की बढ़ती क्षमताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूके की कंपनियों को इन भारतीय नवोन्मेषकों के साथ साझेदारी की संभावना तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने लागत प्रभावी और अत्याधुनिक समाधान देने की उनकी क्षमता पर ध्यान दिलाया। रक्षा सचिव ने यह भी कहा कि भारत भविष्य में उद्योग संपर्क बढ़ाने और औद्योगिक सहयोग रोडमैप विकसित करने के लिए यूके के रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है।

गौरतलब है कि इससे पहले भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग और रक्षा संबंधों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई थी। यह चर्चा इटली की राजधानी रोम में हुई थी। भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 14 और 15 अप्रैल को इटली की राजधानी रोम का आधिकारिक दौरा किया था। इस दौरान दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, लाल सागर (रेड सी) और पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र की स्थिति पर विचार-विमर्श किया। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने अपनी यात्रा में इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेट्टो से भेंट की थी। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए सार्थक चर्चा हुई।

**परमाणु क्षमता बढ़ाने की तैयारी में भारत, विदेशी कंपनियों के लिए आसान हो जाएंगे कानून; ये है प्लान**

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत सरकार विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए परमाणु दायित्व कानूनों में बदलाव की तैयारी कर रही है। सरकार की योजना ऐसे संशोधन करने की है, जिससे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं की कानूनी जोखिम की चिंताएं कम हों। खासकर अमेरिकी कंपनियां, जैसे जनरल इलेक्ट्रिक और वेस्टिंगहाउस, असीमित दायित्व के कारण भारत में निवेश से अब तक हिचक रही थीं। सूत्रों के अनुसार, सरकार 2010 के सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट की उन धाराओं को हटाना चाहती है, जो दुर्घटनाओं की स्थिति में आपूर्तिकर्ताओं पर असीमित मुआवजे का बोझ डालती हैं। नए मसौदे के तहत ऑपरेटर केवल अनुबंधित राशि तक ही आपूर्तिकर्ता से मुआवज़ा मांग सकेगा।

यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस लक्ष्य के तहत है, जिसमें वर्ष 2047 तक देश की परमाणु ऊर्जा क्षमता को 12 गुना बढ़ाकर 100 गीगावाट करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।



शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन के नेतृत्व में दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्रासीलिया में 15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में भाग लिया.

# नेशनल हेराल्ड मामला : अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेशनल हेराल्ड अखबार मामले में कांग्रेस पार्टी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। इसे कांग्रेस का भ्रष्टाचार मॉडल करार दिया।

सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 90 करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर यंग इंडियन कंपनी को मात्र 50 लाख रुपये में ही 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति हस्तांतरित कर दी।

ठाकुर ने सवाल उठाया कि क्या कोई राजनीतिक दल इस तरह कर्ज दे सकता है और अगर कर्ज दिया गया तो क्या उस पर ब्याज लिया गया?

ठाकुर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड, जो पहले एक दैनिक अखबार था, अब नियमित रूप से प्रकाशित नहीं होता। फिर भी, कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारें इसे भारी मात्रा में विज्ञापन दे रही हैं।

उन्होंने अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि बड़े दैनिक अखबारों को कम राशि मिलती है, जबकि नेशनल हेराल्ड को चांदी के सिक्के दिए जाते हैं। उन्होंने पूछा, क्या यह अखबार कांग्रेस का एटीएम बन गया है?

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट का हवाला देते हुए ठाकुर ने कहा कि इसमें अपराध की तारीख, समय, स्थान और लेनदेन से जुड़े तथ्य दर्ज हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राज्य जनता के टैक्स के पैसे से नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन के रूप में धन दे रहे हैं। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ और अन्य शहरों में अखबार को सब्सिडी दरों पर दी गई अरबों रुपये की संपत्तियों का जिक्र करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इनका किराया उचित रूप से लिया जा रहा है या यह भी फर्जी है?

ठाकुर ने कांग्रेस पर वादाखिलाफी का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने न महिलाओं को वादा किया पैसा दिया, न कर्मचारियों को डीए की किश्त, और न ही गोबर या दूध खरीदने के वादे पूरे किए। फिर भी, नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन के लिए धन देने में कोई कमी नहीं की जा रही।

उन्होंने यंग इंडियन कंपनी पर निशाना साधते हुए कहा कि इसमें कांग्रेस के दो पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों की 76 फीसदी हिस्सेदारी है।

ठाकुर ने पूछा कि अगर कर्ज माफ करना ही था, तो नेशनल हेराल्ड की मूल कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का कर्ज क्यों नहीं माफ किया गया?

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि 1000 से अधिक शेयरधारकों के हितों का क्या हुआ?

ठाकुर ने मांग की कि जनता को बताया जाए कि कांग्रेस शासित राज्यों ने नेशनल हेराल्ड को कितना और कब-कब विज्ञापन दिया।

उन्होंने कहा कि एक गैर-नियमित अखबार को इतना विज्ञापन देना और दैनिक अखबारों को कम राशि देना कांग्रेस के भ्रष्टाचार मॉडल को दर्शाता है।

## जाट' पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप, सनी-रणदीप के खिलाफ केस दर्ज

जालंधर ,(आरएनएस)। सनी देओल, रणदीप हुड्डा स्टारर हालिया रिलीज फिल्म 'जाट' मुश्किलों में घिरती दिख रही है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। जालंधर के थाना सदर में सनी देओल, रणदीप हुड्डा समेत टीम के अन्य सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। जालंधर के थाना सदर में 'जाट' फिल्म के अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा, वीनित कुमार, निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी, प्रोड्यूसर नवीन मलिनेनी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। फिल्म के सदस्यों पर मामला जालंधर के गांव फोलरीवाल निवासी विकल्फ गोल्ड के बयानों पर दर्ज हुआ है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धारा 299 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। ईसाई समुदाय ने हाल ही में 'जाट' फिल्म में एक सीन को लेकर पुलिस कमिश्नरेट दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया था। समुदाय का आरोप है कि फिल्म के एक सीन में प्रभु यीशु और धर्म से जुड़ी पवित्र चीजों की बेअदबी की गई है, जिसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को मामला दर्ज करवाने की मांग के साथ पत्र सौंपा था। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि जाट मूवी में प्रभु यीशु मसीह के सलीब (लकड़ी का बना क्रॉस) वाले दृश्य की नकल करके ईसाईयों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम के साथ देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण पर रा%य स्तरीय कार्यशाला में शामिल हुए.

## एक मई से नहीं लागू होगा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम, केंद्र ने जारी किया स्पष्टीकरण

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिसमें एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू करने की बात कही गई थी। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कुछ मीडिया हाउस की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एक मई से राष्ट्रीय स्तर पर सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम लागू हो जाएगा और यह मौजूदा फास्टैग आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को रिप्लेस करेगा।

मंत्रालय ने आगे कहा, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा सैटेलाइट आधारित टोलिंग सिस्टम एक मई से लागू करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

टोल प्लाजा पर वाहनों की निर्बाध, बिना किसी परेशानी के आवाजाही को सक्षम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर एएनपीआर-फास्टैग बेस्ट बैरियर-लैस टोलिंग सिस्टम लागू किया जाएगा।

# तेजस्वी को इंडी अलायंस में मिली नई जिम्मेदारी, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी बोले लॉलीपॉप थमा दिया गया

पटना (आरएनएस)। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नेता और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इंडिया गठबंधन की बैठक में तेजस्वी यादव को समन्वय समिति का नेता चुने जाने पर सवाल उठाए। उनके चयन को लॉलीपॉप बताया। मीडिया से बातचीत में मांझी ने दावा किया कि गठबंधन में एकता की कमी है और सभी नेता खुद को प्रधानमंत्री पद का चेहरा मान रहे हैं। उन्होंने इसे सत्ता की लड़ाई करार देते हुए कहा कि एनडीए में कुर्सी की ऐसी लड़ाई नहीं है, बल्कि विकास पर ध्यान है। मांझी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की पिछली बैठक में भी समन्वय समिति के लिए नेता चुना गया था, जिसे प्रधानमंत्री पद का दावेदार माना गया। उन्होंने तेजस्वी के चयन पर कहा, उन्हें लॉलीपॉप थमा दिया गया है। गठबंधन में नेतृत्व को लेकर आपसी मतभेद साफ दिख रहे हैं। बिहार की जनता तेजस्वी को गठबंधन का नेता नहीं मानेगी। वहीं, पश्चिम बंगाल की स्थिति पर बोलते हुए मांझी ने ममता बनर्जी की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही। ममता बनर्जी उन लोगों का साथ दे रही हैं, जो गड़बड़ी फैला रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह पश्चिम बंगाल में संवैधानिक मूल्यों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करे। मांझी ने अपनी पार्टी की रणनीति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा एनडीए के साथ मिलकर बिहार विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर मजबूती से लड़ेगी।

**महिलाएं बहुत डरी हुई हैं'मुर्शिदाबाद हिंसा पर एनसीडब्ल्यू प्रमुख की सख्त प्रतिक्रिया, पीड़ितों से करेंगी मुलाकात**

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने चिंता जताई है। गुरुवार शाम वह कोलकाता पहुंचीं और कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की खबरें गंभीर हैं और आयोग ने इसका संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमें जानकारी मिली है कि प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ अत्याचार हुआ है। वे डरी हुई हैं। हम खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे और पीड़ित महिलाओं से मिलकर उनकी बात सुनेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है, जिसमें वह स्वयं भी शामिल हैं। विजया रहाटकर आगामी तीन दिनों में हिंसा प्रभावित इलाकों मुर्शिदाबाद और मालदा का दौरा करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला उत्पीड़न किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और इस तरह की घटनाएं बेहद निंदनीय हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर लोगों से बातचीत करती हुई.



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में नेशनल हेराल्ड से संबंधित कथित धन शोधन मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोप पत्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# गांधी परिवार को कर्मों का फल मिलेगा, जो किया है वो सामने आएगा : सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में अपने किए की सजा भुगतनी पड़ेगी।

हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी ने 9 अप्रैल को दाखिल आरोप पत्र में सोनिया गांधी को आरोपी नंबर 1 और उनके बेटे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आरोपी नंबर 2 के तौर पर नामित किया है। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को होगी।

आईएएनएस से विशेष बातचीत में दिल्ली के सीएम ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार ने जो कुछ भी किया है, उसके लिए उन्हें जवाबदेह होना पड़ेगा।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में सोनिया और राहुल पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए। आरोप पत्र में कांग्रेस के सहयोगी सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और अन्य को भी आरोपी बनाया गया है। भूमि सौदे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा व्यवसायी और सोनिया के दामाद रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ पर सीएम गुप्ता ने कहा कि गांधी परिवार को अपने कार्यों के परिणाम भुगतने होंगे।

सीएम गुप्ता ने कहा, जो करम करेगा, उसको भुगतना ही पड़ेगा। गांधी परिवार ने जो किया है, वो उनके सामने आएगा।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति वाड्रा से हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने लगातार तीन दिनों तक पूछताछ की है।

सूत्रों ने बताया कि 2008 के जमीन सौदे की जांच के दौरान कुछ नए तथ्य सामने आने के बाद उन्हें तलब किया गया था। उन्होंने कहा कि अधिकारी उनसे इन नए बिंदुओं पर सवाल पूछ रहे हैं। पीएमएलए के तहत उनका बयान दर्ज किया गया है।

आईएएनएस से बातचीत के दौरान दिल्ली की सीएम ने राहुल के साथ मंच साझा करने के वायरल वीडियो के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, देखिए सबका अपना नेचर होता है। वह दिल्ली में रहते हैं, हमारा फर्ज बनता है कि हम उनका स्वागत करें। दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाते, मुझे सौम्यता के नाते, सभ्यता के नाते सबको प्रणाम करना है।



इब्राहिम अली खान को भले ही नादानियां में अपनी पहली फिल्म के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो, लेकिन उन्हें अपने परिवार का पूरा समर्थन प्राप्त है। सैफ अली खान की बहन सबा पटौदी ने हाल ही में अपने भतीजे इब्राहिम की कई अनदेखी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कीं, जिसमें पटौदी परिवार के साथ उनके करीबी रिश्ते को दर्शाया गया है। सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान है। लेकिन इब्राहिम अली खान, जिनकी तुलना अक्सर उनके पिता सैफ अली खान से उनके लुक और टैलेंट के लिए की जाती है,

# रणवीर सिंह की डॉन 3 से जुड़ीं शरवरी वाघ, साल के अंत तक शुरू होगी शूटिंग

जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी डॉन की तीसरी किस्त डॉन 3 का ऐलान हुआ है, यह लगातार किसी न किसी कारण चर्चा में है।

खास बात यह है कि तीसरे भाग के हीरो शाहरुख खान नहीं, बल्कि रणवीर सिंह हैं।

फिल्म में उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।

अब डॉन 3 में अभिनेत्री शरवरी वाघ की एंट्री हो चुकी है।

रिपोर्ट के अनुसार, डॉन 3 की स्टार कास्ट में अब शरवरी शामिल हो गई हैं।

फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने उनसे संपर्क किया थी और कहानी सुनने के बाद अभिनेत्री तुरंत इसके लिए हामी भर दी है।

शरवरी भी इतनी बड़ी फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हैं।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस साल के अंत तक फिल्म डॉन 3 की शूटिंग शुरू हो सकती है।

डॉन फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2006 में आई थी। 38 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था।

डॉन 2 2011 में आई और इसने 203 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए। फरहान ने अपने प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटेरटेनमेंट के बैनर



तले डॉन और डॉन 2 बनाई थीं।

वह दोनों फिल्मों के निर्देशक भी थे, वहीं रितेश सिद्धवानी ने फरहान के साथ मिलकर इन फिल्मों के प्रोडक्शन का काम संभाला था।

साउथ अभिनेता धनुष इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। धनुष की आगामी फिल्मों में इडली कड़ाई से लेकर तेरे इश्क में और कुबेर शामिल हैं। आज फिल्म निर्माताओं ने कुबेर फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें धनुष अपने अंदाज में डांस स्टेप करते दिखाई दे रहे हैं। यह गाना किस दिन रिलीज होगा, इसे लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। इसी गाने के साथ शुरू होगा फिल्म का प्रमोशन...

### कोस्टाओ का टीजर जारी, कस्टम अधिकारी बन छाए नवाजुद्दीन सिद्दीकी

दिग्गज अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछली बार फिल्म अद्भुत में नजर आए थे, जिसमें हमेशा की तरह उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म सीधा सोनी मैक्स टीवी चैनल पर रिलीज हुई थी।

अब नवाजुद्दीन जल्द ही फिल्म कोस्टाओ के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान सेजल शाह को सौंपी गई है। आखिरकार अब निर्माताओं ने कोस्टाओ का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें नवाज का धाकड़ अवतार दिख रहा है। कोस्टाओ एक हाई-ऑक्टेन क्राइम ड्रामा है, जो गोवा के सबसे बड़े तस्कर से लोहा लेने वाले मेवरिक कस्टम अधिकारी के जीवन से प्रेरित है। फिल्म में नवाज कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडीज की भूमिका में नजर आएंगे।

# जान्हवी कपूर ने रेड ड्रेस में लगाया फैशन का तड़का, एक्सेसरीज से बढ़ाया ग्लैमर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अपने स्टाइल के लिए जानी जाती है. वह हर लुक में बला की खूबसूरत लगती हैं. हाल ही में वह रेड कार्पेट पर नडर आई हैं. जहां पर उनके ग्लैमर अंदाज ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था. उनका यह लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस अपने फैशन सेंस के लिए सुर्खियों में रहती हैं. अवॉर्ड फंक्शन में जान्हवी कपूर ने रेड कलर का शिमरी ऑफ-शोल्डर गाउन पहना था, जिसमें वह बेहद ग्लैमरस और स्टनिंग लग रही थीं. इस गाउन की स्वीटहार्ट नेकलाइन और कॉर्सेट फिटिंग ने उनके लुक को और भी खूबसूरत बना दिया था. गाउन का ए- लाइन शेप उनके कर्व्स को हाइलाइट कर रहा था. जिससे उनका लुक एलीगेंट और ग्रेसफुल नजर आया. यह ड्रेस उन्हें प्रिंसेस लुक दे रही थी.

जान्हवी ने अपने इस रेड कार्पेट लुक को बेहद क्लासी एक्सेसरीज के साथ कंप्लीट किया. उन्होंने बीवीएलगारी का खूबसूरत चोकर नेकलेस पहना, जो बी.जीरो1 रॉक चेन हाई ज्वेलरी नेकलेस है. यह ज्वैलरी पीस 18 कैरेट रोज गोल्ड से बना हुआ है और इसमें शाइनी डायमंड्स जड़े हुए हैं. इसके



अलावा उन्होंने मैचिंग बी.जीरो1 की इयररिंग्स, रिंग्स और एक स्टैक्ड ब्रेसलेट भी पहना था. जिससे उनके लुक में चार चांद लग गए.

एक्ट्रेस के मेकअप की बात करें तो उन्होंने शिमरी रोज गोल्ड आईशैडो, मस्कारा, फ्लश्ड चीक्स, बेरी-टोन्ड लिप्स और हाइलाइटर का इस्तेमाल किया,

## ज्वेल थीफ का नया गाना इल्जाम जारी, सैफ अली खान-निकिता दत्ता का दिखा रोमांटिक अंदाज

सैफ अली खान पिछली बार फिल्म देवरा में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। पिछले कुछ समय से सैफ अपनी आगामी फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में जयदीप अहलावत भी मुख्य भूमिका में होंगे। कुणाल कपूर और निकिता दत्ता भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। जादू के बाद अब निर्माताओं ने ज्वेल थीफ का नया गाना इल्जाम जारी कर दिया है। इस गाने का मुख्य आकर्षण सैफ अली खान और निकिता दत्ता के बीच की शानदार केमिस्ट्री है। उनकी स्क्रीन पर उपस्थिति मंत्रमुग्ध कर देने वाली है, जिसमें निकिता शालीनता और संवेदनशीलता का अद्भुत संतुलन प्रस्तुत करती हैं। उनकी भावनात्मक आँखें बहुत कुछ कहती हैं, और उनका सूक्ष्म अभिनय ट्रैक के भावनात्मक गहराई को उजागर करता है। सैफ ने भी उन्हें बेहतरीन समर्थन दिया है, जो उनकी बातचीत में एक शांत जुनून और गहराई लाता है। उनके बीच का संबंध परिपक्व, स्तरित और गहन रोमांटिक प्रतीत होता है, जिससे हर शॉट में तनाव और कोमलता का अद्भुत मिश्रण देखने को मिलता है, जिसे रॉबी ग्रेवाल और कुकी गुलाटी की जोड़ी ने निर्देशित किया है।

गाने का संगीत साउंडट्रैक और अनीस अली साबरी ने तैयार किया है और गाने को विशाल मिश्रा और शिल्पा राव ने गाया है, जबकि गीत कुमार ने लिखे हैं। निकिता की शान और भावपूर्ण गहराई कहानी को समृद्ध बनाती है, जिससे सैफ के साथ उनकी केमिस्ट्री न केवल विश्वसनीय, बल्कि आकर्षक बन जाती है। अपने आकर्षक दृश्यों और भावपूर्ण धुन के साथ, यह गाना ज्वेल थीफ के भावनात्मक कोर के लिए स्वर सेट करता है ङ्क रहस्यमय, अंतरंग और अविस्मरणीय।

इस फिल्म के निर्देशन की कमान कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने संभाली है, वहीं सिद्धार्थ आनंद फिल्म के निर्माता हैं। बता दें कि ज्वेल थीफ सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अप्रैल, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होगा।

# जाट की रिलीज के एक हफ्ते बाद मेकर्स ने किया सीक्वल का एलान, नए मिशन के साथ लौटेंगे सनी देओल

सनी देओल की नई एक्शन थ्रिलर फिल्म जाट बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. इस फिल्म ने अपने 100 करोड़ रुपये के बजट का लगभग 70 प्रतिशत वसूल कर लिया है. फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है. एक हफ्ते के अंदर ही फिल्म ने 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था. बॉक्स ऑफिस पर जाट की सफलता के बीच, मेकर्स ने फिल्म के सीक्वल का एलान किया है.

सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की एक्शन फिल्म जाट सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है. रिलीज के एक हफ्ते बाद, मेकर्स ने इसके सीक्वल का अनाउंसमेंट किया है. गोपीचंद मालिनेनी निर्देशित एक्शन-थ्रिलर सनी देओल के साथ कहानी को आगे बढ़ाएगी.

मैथ्री मूवी मेकर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर जाट 2 के पोस्टर के साथ इसका एलान किया है और कैप्शन में लिखा है, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद जाट अभी रुका नहीं है. वह एक नए मिशन पर हैं. इस बार, मास फेस्ट बड़ा, बोल्ड और ज्यादा जंगली होगा. फिलहाल अभी जाट 2 की रिलीज की तारीख की पुष्टि की जानी बाकी है.

वहीं, सनी देओल ने भी अपनी यह खुशी फैंस संग साझा की है. उन्होंने ने भी इंस्टाग्राम पर जाट 2 का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, जाट एक नए मिशन पर. जाट2 जाट 2 के अनाउंसमेंट के बाद फैंस में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है. सनी देओल के पोस्ट के कमेंट सेक्शन में एक फैन ने कमेंट कर लिखा है, एक बार फिर से पूरा इंडिया घूंज ऊठैगा जाट 2. एक फैन ने लिखा है, लव यू पाजी. हम इंतजार करेंगे जाट 2 का. एक दूसरे फैन ने लिखा है, वॉउ, मैं बहुत एक्साइटेड हूं.

मेकर्स ने अभी-अभी जाट के 7वें दिन के कलेक्शन का आंकड़ा शेयर किया है. मेकर्स के ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जाट ने एक सप्ताह में 70.4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. फिल्म ने 7वें दिन सबसे कम कलेक्शन किया. इसने बुधवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 4.95 करोड़ रुपये ही कमाए.

सनी की एक्शन फिल्म जाट, निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की हिंदी भाषा में पहली फिल्म है. इस फिल्म में रणदीप हुड्डा खलनायक की भूमिका निभात नजर आए हैं. इसमें जगपति बाबू, रेजिना कैसांद्रा, सैयामी खेर, विनीत कुमार सिंह, प्रशांत बजाज, जरीना वहाब जैसे अन्य कलाकार भी शामिल हैं. फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली. लेकिन दर्शकों को सनी देओल और रणदीप हुड्डा के एक्टिंग और एक्शन सीन काफी पसंद आई है.

### केजीएफ चैप्टर 3 हुई कंफर्म, थिएटर्स में रॉकी भाई बनकर जल्द आने वाले हैं यश

सुपरस्टार यश की केजीएफ ने दुनियाभर में सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं और आज भी दर्शक रॉकी भाई के दीवाने थे. फ्रेंचाइजी के दो पार्ट ब्लॉकबस्टर होने के बाद फैंस को इसके तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार था और अब सुपरस्टार ने ये इंतजार भी खत्म कर दिया है. दरअसल केजीएफ 2 के 3 साल पूरे का मेकर्स ने एक स्पेशल वीडियो शेयर करते हुए जश्न मनाया और इसी के साथ चैप्टर 3 भी अनाउंस कर दिया.

अप्रैल 2022 में रिलीज होने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ- चैप्टर 2 के तीन साल पूरे हो चुके हैं इस मौके पर प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स ने फिल्म के यादगार पलों को दिखाते हुए स्पेशल वीडियो मोंटाज शेयर किया. इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, केजीएफ- चैप्टर 2 के 3 साल पूरे होने का जश्न. एक भयानक तूफान जिसने सिल्वर स्क्रीन को हिला दिया, ००

# चेहरे पर पार्लर जैसा निखार लाने के लिए काफी है सिर्फ एक टमाटर, ऐसे करें इस्तेमाल

आप शायद पहले से ही जानते होंगे कि टमाटर कई कारणों से एक सुपरफूड है. यह न केवल आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है, बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी चमत्कारी है. टमाटर उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो बिना अधिक पैसे खर्च किए बहुत आसानी से सुंदर और आकर्षक दिखना चाहते हैं. टमाटर में चेहरे की चमक बढ़ाने और त्वचा की कई समस्याओं को ठीक करने की क्षमता होती है. इसमें विटामिन ए, सी और के भरपूर मात्रा में होते हैं. ये विटामिन त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं.



आपको बता दें, टमाटर में ऐसी खटास होती है जो आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को खोलने में मददगार होती है और मुंहासों के इलाज में मदद करती है. टमाटर का इस्तेमाल हेल्दी स्किन सेल्स को प्रदूषित करने वाले फ्री रेडिकल्स को हटाने के लिए भी किया जा सकता है. बहुत से लोग अपनी बिजी लाइफस्टाइल के कारण त्वचा की देखभाल पर ध्यान नहीं देते हैं. ऐसे लोगों के लिए घर पर टमाटर का फेस पैक बनाना बहुत आसान है. चेहरे पर काले धब्बे, पिगमेंटेशन, झुर्रियां और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने के लिए यह एक बेहतर उपाय है. टमाटर स्किन को जवां बनाए रखने में भी कारगर है.

रिपोर्ट के अनुसार, त्वचा की देखभाल के लिए टमाटर का इस्तेमाल करने के कुछ तरीके इस प्रकार हैं...

1.इसके लिए सबसे पहले एक ताजे टमाटर को आधा काट लें और फिर इसे अपनी त्वचा पर हल्के हाथों से मसाज करें. 15 से 20 मिनट बाद इसे धो लें. ऐसा करने से स्किन पिगमेंटेशन दूर करने में मदद मिलेगी. 2.दूसरा तरीका यह है कि एक टमाटर लें और उसे अच्छी तरह से मैश करें और उसमें एक बड़ा चम्मच दही मिलाएं. इसे अच्छी तरह से मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं. 15 मिनट बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें. यह मुहांसों को रोकने के लिए एक बेहतरीन मास्क है.

3.वहीं, तीसरा तरीका यह है कि 2 से 3 चम्मच टमाटर की प्यूरी लें और इसमें 1 चम्मच नींबू का रस डालें और मिला लें. अब इस मिश्रण को त्वचा पर लगाकर 10 से 15 मिनट बाद धो लें. यह स्किन पर काले धब्बे और पिगमेंटेशन को हटाने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करेगा.

4.चौथा तरीका यह है कि एक टमाटर को पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें. इसमें आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और मिला लें. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें. यह मास्क त्वचा की सूजन और रंग परिवर्तन जैसी समस्याओं को दूर करने में प्रभावी है. यह सूर्य की रोशनी से होने वाली त्वचा की क्षति की मरम्मत में भी मदद करेगा.5.पांचवा तरीका यह है कि एक टमाटर को आधा काटें और उसपर थोड़ा चीनी छिड़क दें. आप इसका उपयोग अपने चेहरे और गर्दन पर तीन मिनट तक गोलाकार गति में धीरे-धीरे मालिश करने के लिए कर सकते हैं.

# अगर आपको भी बार-बार आती है जम्हाई, तो ना करें इग्नोर हो सकती है कोई बड़ी बीमारी

जम्हाई हर किसी को आती है. जिसको लोग नजरअंदाज कर देते हैं. यह सोचकर की यह नींद या आलस की वजह से आ रही होगी, लेकिन ऐसा नहीं होता है. बार-बार जम्हाई आना किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है. आमतौर पर जम्हाई तब होती है जब शरीर को आराम चाहिए होता है या जब ब्रेन को ऑक्सीजन कम मिल रही होती है. लेकिन अगर आप बिना किसी थकान या नींद की कमी के लगातार जम्हाई ले रहे हैं, तो आपको इग्नोर नहीं करना चाहिए.



स्लीप डिसऑर्डर

रिपोर्ट के मुताबिक जम्हाई लेना नींद की कमी और स्लीप डिसऑर्डर का संकेत हो सकता है. दिन में बहुत ज्यादा नींद आना यानी एक्सेसिव डे टाइम स्लीपीनेस सिर्फ आलस नहीं ड्राइविंग एक्सीडेंट, काम की गलतियों, मानसिक समस्याओं और लंबे समय तक होने वाली बीमारियों की भी वजह बन सकता है.

बीमारियां

ब्रेन ट्यूमर एक्सपर्ट्स के मुताबिक बार-बार जम्हाई आना कभी-कभी ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक या मल्टीपल स्केलेरोसिस जैसी बीमारियों का साइलेंट सिम्प्टम हो सकता है.

हार्ट

रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा जम्हाई आना हार्ट अटैक या ब्लड सर्कुलेशन की प्रॉब्लम से भी जुड़ा हो सकता है.

शरीर के तापमान

शरीर के तापमान को कंट्रोल करने में दिक्कत होने पर भी बार-बार जम्हाई आ सकती है. यह न्यूरोलॉजिकल गड़बड़ी का संकेत हो सकता है.

इन बातों का रखें ध्यान

जम्हाई के साथ चक्कर आना

याददाश्त में कमी

हाथ-पैर सुन्न होना

तेज़ सिरदर्द या ब्लर विज़न

दिल की धड़कन तेज़ होना

क्या करें

नींद पूरी लें, कम से कम 7-8 घंटे

स्ट्रेस को कम करें

रोजाना फिज़िकल एक्टिविटी करें

स्क्रीन टाइम कम करें

अगर लक्षण लगातार बने रहें, तो जल्द से जल्द न्यूरोलॉजिस्ट या कार्डियोलॉजिस्ट से सलाह लें.

## शब्द सामर्थ्य -022


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 021 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| बा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। एसडीओपी सिहोरा सुश्री पारूल शर्मा ने बताया कि थाना सिहोरा अन्तर्गत आज में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मुरैठ हिरन नदी मे अवैध रेत उत्खन्न की जा रही है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई मुरैठ हिरन नदी में एक जेसीबी मशीन द्वारा अवैध रेत का उत्खन्न कर ट्रेक्टर ट्राली में लोड करते हुये दिखा जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टर चालक पुलिस को देखकर बिना नम्बर की जेसीबी एवं बिना नम्बर का टेऊक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गये,





# महासागर है महाभारत कथा डॉ.कृष्ण कुमार दुबे की कृति का विमोचन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाभारत कथा अथाह महासागर है, जिसमें अध्यात्म के साथ वैज्ञानिकता भी समाहित है। जीवन निर्माण का दर्शन और ज्ञान के कारण महाभारत की कथा का विशिष्ट महत्व है ।

विद्वान लेखक,विचारक डॉ. कृष्ण कुमार दुबे ने %महाभारत कथा इतिहास के झरोखे से% कृति के माध्यम से महाभारत में समाहित अनेक जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए ज्ञान सूत्रों से अवगत कराया है। डॉ.दुबे का चिंतन- मनन व्यापक है, इसलिए यह कृति पाठकों को एक नई दृष्टि देने में समर्थ है।

तदाशय के उद्गार पाथेय संस्था, मनीषा एवं सुप्रभात संस्था के तत्वावधान में शहीद स्मारक सभागृह में आयोजित डॉ. कृष्ण कुमार दुबे की कृति 'महाभारत कथा— इतिहास के झरोखों से% का विमोचन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए । इस अवसर पर श्रीमती कामना नायक के निर्देशन एवं श्रीमती अरुक्षा नायक के संयोजन में महाभारत पर आधारित नृत्य नाटिका 'धर्मक्षेत्र' का भाव प्रधान मंचन किया गया।


## धर्मक्षेत्र नृत्य नाटिका का मंचन

20 कलाकारों ने धर्मक्षेत्र नृत्य नाटिका में डा.दुबे की कृति के महत्वपूर्ण अंशों को प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर एस.पी. गौतम पूर्व कुलपति रादुविवि थे। अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे ने की ।विशिष्ट अतिथि भागवत उपासक पं. दिनेश गर्ग ,गायत्री परिवार के साहित्य संयोजक पं. जगदीश दीक्षित, समाजसेवी डॉ.पुरुषोत्तम तिवारी, डॉ.आनंद तिवारी एवं जादूगर निगम थे। प्रारंभ में मनीषा चौबे एवं राजेश पाठक प्रवीण ने डॉ. दुबे के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए नृत्य नाटिका की जानकारी दी। अतिथि स्वागत अभय जैन,संदीप जैन,डॉ.सत्येंद्र जैन,प्रतुल श्रीवास्तव,आलोक पाठक,विजय नेमा,संतोष नेमा, महेश स्थापक, दिवाकर शर्मा,रमेश पांडे,डॉ.अनिल कोरी,यशोवर्धन पाठक,अखिलेश चौबे,गणेश पुरोहित,विजय जायसवाल,दीपांशु शुक्ल,विनीता पैगवार,विमला श्रीवास्तव, मोती शिवहरे,रश्मि पाठक, निहारिका दुबे ने किया।आभार सुशांत दुबे बवाल द्वारा दिया गया।

# शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय जबलपुर के तीन विद्यार्थियों का विज्ञान मंथन यात्रा में चयन







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश विज्ञान मंथन योजना जिसे विज्ञान मंथन यात्रा भी कहा जाता है ढ्ढ मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रोद्योगिकी परिषद(स्रूक्कष्टहृस्ञ्) द्वारा स्कूली छात्रों में विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करने के लिए आयोजित की जाती है ढ्ढ यह यात्रा 21 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 तक दिल्ली एवं चंडीगढ़ के लिए आयोजित की गयी है ढ्ढ जिसमे छात्रो को प्रसिद्ध प्रयोगशालाओं और संस्थानों का दौरा करने और वैज्ञानिको से बातचीत करने का अवसर प्राप्त होगा ढ्ढ

जबलपुर से श्रमोदय आवासीय विद्यालय के तीन छात्र 1. संजना रैदास(10वीं) 2. निमेस चंदेल(11वीं) 3. युवराज पटेल (11वीं) का चयन विज्ञान मंथन यात्रा 2025 दिल्ली एवं चंडीगढ़ के लिए हुआ है ढ्ढ विद्यालय में अध्ययनरत निर्माण श्रमिको के पुत्र-पुत्रियो के लिए यह प्रथम उपलब्धि है ढ्ढ अब निर्माण श्रमिक की संतान भी सुप्रसिद्ध वैज्ञानिको बातचीत एवं प्रयोगशालाओं का प्रत्यक्ष भ्रमण कर विज्ञान के क्षेत्र में अपने देश- प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे ढ्ढ विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती शीतल वाईकर, श्रीमती अमृता शुक्ला का मार्गदर्शन रहा ढ्ढ उक्त उपलब्धि में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग श्री प्राचीश जैन,प्राचार्य साहिर शेख, भूपेंद्र सलामे सहित समस्त शिक्षको ने विद्यार्थियों को बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है ढ्ढ

प्राचार्य अब्दुल शेख ने जानकारी देते हुए बताया कि इस उपलब्धि के पीछे शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महाकौशल प्रांत का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है न्यास के द्वारा यहां के छात्र छात्राओं को विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से शासन और विभिन्न संस्थाओं की जानकारी प्रदान की जाती है इस मंथन यात्रा की जानकारी भी न्यास के द्वारा ही प्रदान की गई थी. प्राचार्य ने न्यास परिवार को इस हेतु आभार व्यक्त किया उन्होंने बताया कि न्यास के द्वारा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यालय के शिक्षकों को भी जाने का अवसर प्राप्त होता है समय समय पर न्यास के संयोजन में विद्यालय में देश के विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त होता है व्याख्यानों के माध्यम से नवीन शिक्षण तकनीक से शिक्षक परिचित होते विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलगुरु भी समय समय पर यहां आते है. इस उपलब्धि पर न्यास के क्षेत्र संयोजक ओम प्रकाश शर्मा क्षेत्र सह संयोजक डॉ अजय तिवारी प्रांत अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुररिया कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा डॉ नीलेश पांडेय प्रांत संयोजक ने हर्ष व्यक्त किया है.


## शासकीय नर्सिंग कॉलेज, जबलपुर की प्राचार्य स्टेला पीटर विरुद्ध जारी हुआ आरोप पत्र , NSUI ने निलंबित करने की मांग की

# बहुचर्चित नर्सिंग महाघोटाले पर जबलपुर में प्रारंभ हुई कार्रवाई, लेकिन निष्पक्षता पर उठे सवाल — NSUI प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग महाघोटाले में जबलपुर से बड़ी कार्रवाई की शुरुआत हुई है। शासकीय नर्सिंग कॉलेज, जबलपुर की प्राचार्य स्टेला पीटर सहित आरती तिवारी , ईस्टर एंड्रूज को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आरोप पत्र जारी किया गया है।

हस्द्ब प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रवि परमार ने इस कार्रवाई को अधूरी बताते हुए कहा कि यदि ये अधिकारी दोषी पाए गए हैं तो अभी तक इन्हें पद से हटाकर निलंबित क्यों नहीं किया गया? पद पर रहते हुए इनकी उपस्थिति निष्पक्ष जांच को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई दोषियों को जानबूझकर बचाने की कोशिश की जा रही है। प्रतिभा सिंह ठाकुर द्वारा भी कई फर्जी नर्सिंग कॉलेजों को अवैध रूप से मान्यता दी गई थी, लेकिन उनके विरुद्ध आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस विषय में हमने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को लिखित शिकायत भी सौंपी है, रवि परमार ने कहा ।हस्द्ब प्रदेश उपाध्यक्ष ने यह मांग दोहराई कि जबलपुर नर्सिंग कॉलेज घोटाले में संलिप्त सभी दोषियों को तत्काल उनके पदों से हटाया जाए और तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, ताकि जांच निष्पक्षता से संपन्न हो सके और जनता का विश्वास शासन-प्रशासन पर बना रहे। रवि परमार ने यह भी कहा कि यदि दोषियों को संरक्षण देने की कोशिश की गई, तो हस्द्ब प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन करेगी और न्याय की लड़ाई को जन-जन तक पहुंचाएगी।

# ईस्टर सडे , पुनुरथान दिवस







आज सारे संसार में ईसाई समुदाय द्वारा पूरे हर्ष उल्लास के साथ ईस्टर संडे पुनुरथान दिवस मनाया गया ह।।। इसी कड़ी में ईस्टर संडे की पूर्व संध्या एवम सुबह के समय सेंट पीटर एंड पॉल कैथेड्रल माह गिरिजा घर सदर मैं पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया , ईस्टर प्रभु येशु के तीसरे दिन मृत्यु पर विजय का पर्व है, आज गिरजा घरों में प्रभु के भजन के साथ प्रभु येशु के पुनः जी उठने की खुशी में इसाई धर्म मानने वाले लोग ने चर्च में अपनी खुशी मनाई। बाइबल के अनुसार गुड फ्राइडे के दिन प्रभु येशु की क्रूस पर मृतु के पस्चात उन्हें दफ़नाया गया एव तीसरे दिन रविवार भोर के समय उनके शिष्यों ने उन्हें क़ब्र पर नही पाया तथा कब्र के पास स्वर्ग दूतों ने उन्हें बताया की जिस प्रभु येशु को तुम दूंढ रहे हो उन्होंने मृत्यु पर विजय प्राप्त कर जी उठे है तभी से ईसाई समुदाय ईस्टर संडे का उत्सव मनाते है। सभी बिश्वाही लोगो ने संसार में अमन चैन के लिए ईश्वर से दुआ मांगी सभी शहर वाशियो को इस ईस्टर पर्व की बहुत बहुत सुभकामने ईसाई समुदाय ने दिया है एवम एक दूसरे धर्म के लोगो के साथ मिलते नजर आए, आज का मिस्सा बलिदान पल्लि पुरोहित डॉ डेविस जोर्ज द्वारा अर्पित किया अपने संदेश मैं उन्होंने कहा की हमे बाहरी आडंमर से बचना चाहिए एवेंम अपना जीवन प्रेम पूर्वक व्यतीत करना चाहिए, इस कार्य क्रम को सफल बनाने में , पल्ली सचिव फेलिक्स बारला, एवम मेंबर्स , जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी,जुसिया, क्रिस्टोफ़र नरोन्हा,डॉमनिक नाजरथ, सतीश मनी, एलीक फ़र्नान्डिस, आदि उपस्थित रहे।

## मुस्लिम विकास परिषद ने आयोजित किया सर्वधर्म सदभाव, ईद मिलन कार्यक्रम

# मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना- धर्माचार्य




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सभी धर्मो के ग्रंथों में एकता, भाईचारा और शांति का ही संदेश दिया गया है, और सभी धर्म यही कहते है कि, मजहब नही सिखाता आपस में बैर रखना। उक्त उदगार संयुक्त रुप से धर्माचार्य सिक्ख धर्म के ज्ञानी डॉ. गुरमीत सिंह, हिन्दू धर्म के पंडित चन्द्र प्रकाश शर्मा, ईसाई धर्म के ए.के.सेमुअल, मुसिलम धर्म के मौलाना चांद कादरी ने मुख्य अतिथि की हैसियत से व्यक्त किये। विशिष्ट अतिथि दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पांडे ने देशभक्ति की कविताएं पढकर कौमी एकता का संदेश दिया। मौका था सर्वधर्म सदभाव व ईद मिलन कार्यक्रम के अवसर का, जो कि मप्र मुस्लिम विकास परिषद की जबलपुर ईकाई द्वारा रद्दी चौकी स्थित गाजीबाग में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एङ मो. माहिर खान व पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान ने अपने उदबोधन में सर्वधर्म सदभाव और कौमी एकता को आज की जरूरत बताया। कार्यक्रम में चारो धर्मो के धर्माचार्यो सहित वरिष्ठ पत्रकारद्वय गिरीश पांडे, आशीष शुक्ला, राकेश श्रीवास, प्रवीण मिश्रा आदि को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी ने प्रदेशाध्यक्ष माहिर खान व हाजी मुईन खान का स्वागत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित पत्रकार अशफाक आरिफ, एडवोकेटद्वय शबाब खान, जावेद अनवर, रियाज किड्स, इरफान उल हक अंसारी, निसार अंसारी का भी पुष्प मालाओ से स्वागत कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद व शुभकामनाएं दी और सेवई ग्रहण की।

कार्यक्रम मे मुस्लिम विकास परिषद के मामूर गुड्डु, इरफान कुरैशी, फैजान कुरैशी, गुलाम साबरी, अहमद रजा, मुज्जफर कुरैशी, नौशाद खलीफा, हाशिम राजा, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, साजिद काजी, शाहिद परवेज कुरैशी, सईद खान, मेहताब अली, सलीम खान, इस्लाम अली, तारिक कुरैशी, लियाकत जावेद आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन शायर शेख निजामी ने तथा आभार डॉ. मुईन अंसारी ने व्यक्त किया।

# दुकान रिक्त करने के नगर पालिका परिषद पन्ना के आदेश पर स्थगन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म. प्र. उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकल पीठ ने मुख्य नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा याचिकाकर्ता की दुकान रिक्त करने के आदेश पर स्थगन प्रदान करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना से जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता मुबारक तनय के द्वारा उक्त माचिका दायर करते हुए तथ्य प्रस्तुत किए कि याचिकाकर्ता को नगर पालिका परिषद पन्ना के द्वारा पंजीकृत लीज डीड के द्वारा दुकान आवंटित की गई थी जिसमें याचिकाकर्ता फल बेचकर अपनी आजीविका चलाता था। नगर पालिका अधिकारी ने याचिकाकर्ता को इस आशय का नोटिस दिया कि दुकान का निर्माण नए तरीके से करना है व फिर नवीन एक ऑन लाइन निविदा से दुकान का आवंटन करना है. अतः 7 दिवस के भीतर दुकान रिक्त करें ।याचिकाकर्ता के अनुसार उसकी लीज डीड के अस्तित्व में रहते हुए दुकान रिक्त करने का आदेश नये सिरे से आवंटन करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश मनमाना है और उसे सुनवाई का अवसर भी नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से असीम त्रिवेदी , शुभम पाटकर, विनीत टहनगुरिया ने पैरवी की




# आज सर्व ईसाई महासभा द्वारा विक्टोरिया में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया








जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज सर्व ईसाई महासभा जबलपुर एवं मसीही समाज के लोगों के विशेष सहयोग से ईस्टर पुनरुत्थान पर्व के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया एवं उनके स्वस्थ लाभ के लिए प्रभु यीशु मसीह से प्रार्थना कामना किए ।।

जिला अध्यक्ष शान कुमार ने कहा - मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। आज हम यहां मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रहे हैं। यह छोटा सा कदम न केवल उनका हौसला बढ़ाता है, बल्कि हमें भी एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति का महत्व याद दिलाता है। आइए, हम सब मिलकर समाज में एकता, करुणा और सेवा का संदेश फैलाएं। जिला सचिव डेन्ज़िल आंग्रे ने सभी लोगो को पुनरुत्थान दिवस की शुभकामनायें प्रेषित किया ईसाई धर्मगुरु ने विशेष प्रार्थनाये की रेव्ह. मलर सेलवन, रेव्ह. अभिषेक सेमुएल ( प्रदेश संघठन मंत्री) एवं पास्टर जी स्टैनली सुकुमार, पास्टर भान सिंह

इस दौरान संघठन के - राष्ट्रिय कोषाध्यक्ष फ्रांसिस मारियन, प्रदेश अध्यक्ष विनोद चैंबर्स, जिला अध्यक्ष शान कुमार, प्रदेश संघठन मंत्री प्रभाकर चक्रे, जिला सचिव डेन्ज़िल आंग्रे, जिला कोषाध्यक्ष जेरी दयाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नॉर्बर्ट पॉल, सचिव शिमोन सागर, जॉन दयाल, मिडिया प्रभारी मनोज एंथोनी, एनोस, मनोज पिल्लै, महिला जिला अध्यक्ष सुधा सेमुएल, श्वेता सेमुएल, एडवोकेट रुचिका जेम्स, अर्पित, रोहन, सनी एवं संघठन के लोग शामिल रहे




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बेलबाग में विकास गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी बाई का बगीचा गली नम्बर 1 ने लिखित शिकायत की कि वह घर के सामने किराना दुकान चलाता है शाम लगभग 7-25 बजे मोहल्ले के रहने वाले सावन सोनकर , टुकटुक सोनकर उसकी किराना दुकान आये और सिगरेट लेकर वहीं पीने लगे कुछ देर बाद आने जाने वालों को जोर जोर से चिल्लाकर बोल रहे थे कि यहां के गुण्डे हैं कहते हुये अनाप शनाब बातें करने लगे, उसने मना किया तो चले गये कुछ देर बाद रात लगभग 8-45 बजे सावन सोनकर एवं टुकटुक सोनकर दुकान में आये



**आई.पी,एल. सटोरियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही 2 सटोरियों से नगदी 90 हजार 550 रूपये, 3 मोबाईल जप्त**

# सदर की गली नम्बर तीन में चल रहा था क्रिकेट सट्टा, पुलिस ने दबिश देकर पकड़े दो सटोरिए, 90 हजार रुपए जब्त



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित उन्नति ज्वेलर्स गली नम्बर तीन में खिलाए जा रहे ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा पर पुलिस ने दबिश दी है. पुलिस ने क्रिकेट सट्टा खिला रहे दो सटोरियों को गिरफ्तार कर 90 हजार रुपए नगद व तीन मोबाइल फोन जब्त किए है. पुलिस को पूछताछ में दोनों सटोरियों में अपने साथियों के नाम भी बताए है.

इस संबंध में केन्ट थानाप्रभारी पुष्पेन्द्र पटले ने बताया कि उन्नति ज्वेलर्स गली नम्बर तीन में लम्बे समय से ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा है. बीती रात भी यहां पर दो सटोरियों द्वारा गुजरात एवं दिल्ली केपिटल के बीच चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑन लाईन सट्टा आईडी से फोन पर ग्राहकों से क्रिकेट के स्कोर, टीम की हार जीत, रन एवं बॉल पर रूपये पैसों का दांव लगवाया जा रहा था. खबर मिलते ही पुलिस ने दबिश दे दी. पुलिस को देखते ही सटोरियों में भगदड़ मच गई.

पुलिस ने मौके से यश राय उम्र 19 वर्ष निवासी सरकारी कुआ झिरिया घमापुर व पंकज उर्फ प्रवीण कुमार बलेचा उम्र 40 वर्ष निवासी नेपियर टाउन ओमती पकड़ा. दोनों ने पूछताछ में बताया कि मोहसीन, परेश चाचा, शानू बंन्टू, हितेश , शुभम नामदेव एवं शिव सोनकर को व्हाटसएप्प के माध्यम से आईडी फारवर्ड कर ग्राहकों से मोबाइल के माध्यम से दाव लगवा रहे है. लगे हुए दांव को अपने संगठित गिरोह के कमल खत्री निवासी नेपियर टाउन को पलटाते है. पुलिस की कार्यवाही के दौरान मोहसीन, परेश चाचा, शानू बन्टू, हितेश , शुभम नामदेव, शिव सोनकर तथा कमल खत्री के द्वारा आरोपी यश राय एवं पंकज उर्फ प्रवीण कुमार बलेचा के मोबाइल पर कॉल आ रहे थे. पुलिस ने सटोरिया यश राय एवं पंकज उर्फ प्रवीण कुमार बलेचा के कब्जे से 1 मोटोरोला, 1 रियलमी, 1 ओप्पो कम्पनी का मोबाइल तथा नगदी 90 हजार 550 रुपए नगद बरामद कर सभी सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है. सटोरियों को पकड़ने में क्राइम ब्रांच टीआई शैलेष मिश्रा, एएसआई कैलाश मिश्रा, मोहन तिवारी, प्रधान आरक्षक मोहन सिंह, हितेन्द्र रावत, आरक्षक प्रदीप तेकाम, प्रमोद सोनी, रंजीत यादव, रितेश शुक्ला तथा थाना केण्ट के एएसआई नरेश सिंह जाटव की सराहनीय भूमिका रही.

उल्लेखनीय भूमिका- सटोरियों को पकड़ने में अपराध थाना प्रभारी श्री शैलेष मिश्रा के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक कैलाश मिश्रा, मोहन तिवारी, प्रधान आरक्षक मोहन सिंह, हितेन्द्र रावत, आरक्षक प्रदीप तेकाम, प्रमोद सोनी, रंजीत यादव, रितेश शुक्ला तथा थाना केण्ट के सहायक उप निरीक्षक नरेश सिंह जाटव की सराहनीय भूमिका रही।

# किराना दुकानदार को धमकाया, पिस्टल से फायर कर दी जान से मारने की धमकी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना बेलबाग क्षेत्र से एक किराना दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने और पिस्टल से फायर किए जाने का मामला सामने आया है।

थाना बेलबाग पुलिस के अनुसार, बाई का बगीचा गली नंबर 1 निवासी विकास गुप्ता (38) ने लिखित शिकायत में बताया कि वह अपने घर के सामने किराना दुकान चलाता है। बीती शाम लगभग 7ः25 बजे मोहल्ले के ही सावन सोनकर और टुकटुक सोनकर उसकी दुकान पर आए और सिगरेट लेकर वहीं खड़े होकर पीने लगे। कुछ देर बाद दोनों जोर-जोर से चिल्लाकर खुद को मोहल्ले के गुंडे बताते हुए अशोभनीय बातें करने लगे।

जब विकास गुप्ता ने उन्हें टोका, तो वे वहां से चले गए। लेकिन रात करीब 8ः45 बजे दोनों फिर दुकान पर आए और गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान टुकटुक सोनकर ने पिस्टल निकालकर फायर करने की कोशिश की, लेकिन पिस्टल नहीं चली। इसके बाद सावन सोनकर ने पिस्टल लेकर टीन शेड पर फायर कर दिया और धमकी दी कि यदि थाने में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे। दोनों आरोपी गाली-गलौज करते हुए मौके से भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों सावन सोनकर और टुकटुक सोनकर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 125, 351(2), 3(5) बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है दोनों की तलाश जारी है।

**शराब पीने के लिये रूपयों की मांग करने वाले आरोपी की तलाश**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना घमापुर में आज दिनांक 20-4-25 की रात्रि अंकित जायसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी बम्बाा देवी मंदिर के पास घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इलेक्ट्रिशियन का काम करता है दिनांक 19-4-25 को अपने दोस्त निखिल यादव के साथ बाम्बा देवी मंदिर के पास खड़े होकर ग्वारीघाट जाने के लिये बात कर रहे थे रात लगभग 8-45 बजे तेल मिल निवासी रंगा आकर निखिल यादव से शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, निखिल द्वारा रंगा को पैसे देने से मना करने पर रंगा गाली गलौज करने लगा, निखिल ने गालियां देने से मना किया तो रंगा ने चाकू से हमलाकर निखिल यादव के दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया। थाना घमापुर में आज दिनांक 20-4-25 की रात्रि अमन केवट उम्र 30 वर्ष निवासी बम्हनौदा थाना शहपुरा वर्तमान पता पंचशील स्कूल के पास घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेडिकल कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है दिनांक 19-4-25 की रात लगभग 8 बजे अपने घर से शनि मंदिर परेल लाईन से दर्शन करके वापस अपने घर आ रहा था

# चोरों ने रामायण मंदिर के सामने खड़े ई.रिक्शा को बनाया निशाना



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गढ़ा क्षेत्र में ई.रिक्शा से चोरी का मामला सामने आया है। चिकनी कुआं गढ़ा निवासी नर्मदा प्रसाद नामदेव ;उम्र 56 वर्षद्ध ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने आशीष नामदेव से ई.रिक्शा क्रमांक डच् 20 ठ 1583 प्रतिदिन 350 रुपये किराए पर लिया था।

शाम करीब 7रू15 बजे उन्होंने अपना ई.रिक्शा रामायण मंदिर के सामने खड़ा किया था। रात में किसी अज्ञात चोर ने ई.रिक्शा से चार बैटरियांए एक चार्जर और स्टेपनी चुरा लीए जिसकी कुल कीमत लगभग 55ए000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303;2द्ध ठछै के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

**ई रिक्शा से बेटरी , स्टेपनी, चार्जर चुराने वाले आरोपी की तलाश**

**जबलपुर-** थाना गढ़ा में नर्मदा प्रसाद नामदेव उम्र 56 वर्ष निवासी चिकनी कुआ गढा ने लिखित शिकायत की कि वह ई रिक्शा चलाता है उसने आशीष नामदेव से ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडबी 1583 प्रतिदिन 350 रूपये के हिसाब से किराये पर लिया था दिनांक 12-4-25 की शाम लगभग 7-15 बजे उसने अपना ई रिक्शा रामायण मंदिर के सामने खड़ा किया था

# बोरी में गांजा भरकर ग्राहक का इंतजार कर रहे थे तस्कर, क्राइम ब्रांच ने पकड़ा





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने तीन तस्करों को रंगे हाथों दबोचते हुए उनके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जेडीए स्कीम नंबर 41 के पास एक कार (क्रमांक स्क्क 20 छ्स्न 6929) में तीन युवक संदिग्ध अवस्था में बैठे हैं, जिनके पास मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर तीनों को पकड़ लिया।

जब कार की तलाशी ली गई, तो उसमें एक बोरी बरामद हुई, जिसमें करीब 12 किलो 300 ग्राम गांजा मिला। साथ ही युवकों के पास से ?37,500 नगद भी बरामद किए गए, जो गांजा बिक्री से संबंधित हो सकते हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पीयूष बचेलिया (निवासी गोहलपुर), विशेष कोरी और आकाश ठाकुर (दोनों निवासी पाटन) के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ लार्डगंज थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से नहीं हो सकती धन वसूलीः मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का अहम् फैसला

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहडोल जिले के निवासी संतलाल झारियाए जो चतुर्थ श्रेणी ;चपरासीद्ध के पद पर कार्यरत थेए ने सेवा निवृति के पश्चात विभाग द्वारा की गई राशि वसूली को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयए जबलपुर में याचिका दायर की थी।

याचिका में यह उल्लेख किया गया कि सेवानिवृत होने के बाद विभाग ने उनके पेंशन और अन्य देयों से बिना उचित प्रक्रिया के धनवसूली का आदेश दियाए जो पूरी तरह अवैधानिक था। इस आदेश को याचिकाकर्ता ने चुनौती दी। इस मामले की सुनवाई माननीय न्यायमूर्ति श्री द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ द्वारा की गई। न्यायालय ने अंतिम सुनवाई के दौरान विभाग द्वारा की गई समस्त वसूली को रद्द करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता से वसूली गई राशि 8: वार्षिक ब्याज सहित 30 दिनों के भीतर वापस लौटाई जाए।

इस प्रकरण में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता श्री हर्षित पांडे ने पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि यह वसूली न केवल नियम विरुद्ध हैए बल्कि भारत के उच्चतम न्यायालय ;सुप्रीम कोर्टद्ध के कई निर्णयों का भी उल्लंघन है। अधिवक्ता श्री हर्षित पांडे बताया कि यह मामला शहडोल जिले का है और याचिकाकर्ता चपरासी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवा निवृत्ति के बाद उनके पेंशन और अन्य देयों से जो राशि वसूली गई थीए वह पूरी तरह अवैधानिक थी।

*अकाल मृत्यु*

**जबलपुर-** थाना माढ़ोताल में सुबह मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि फूलचंद बसोर उम्र 38 वर्ष निवासी खिरिया थाना माढोताल का दिनांक 18-4-25 को सुबह लगभग 9 बजे घर में अत्याधिक शराब का सेवन करने से शाम को उपचार हेतु

**कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने रांझी क्षेत्र में कैंट विधानसभा के अंतर्गत लगभग 1 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन तथा लोकार्पण किया**

## कैंट विधानसभा क्षेत्र में आने वाले समय पर निर्माण कार्यों में धन की कोई कमी नहीं होगी - कैंट क्षेत्र विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी के द्वारा चंद्रशेखर आजाद वार्ड एवं सुदर्शन वार्ड के अंतर्गत विभिन्न स्थानों के लगभग 1 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया। इस अवसर पर कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि कैंट विधानसभा क्षेत्र में आने वाले समय पर निर्माण कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आने देंगे निर्माण कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर, हेमराज सराठे, कैलाश रजक, हैप्पी सिंह, बंटी विद्यासागर, मनमोहन खुलवे, चेतन लाहौरिया, पप्पू सोनकर, आशीष विश्वकर्मा, मोहित रास्ते, बालकिशन कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूल फीस में एकाएक बढ़ोत्तरी से भड़के अभिभावक, 39 हजार से बढ़ाकर 70 हजार की गई वार्षिक फीस



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के धनवंतरी नगर स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में फीस में बेतहाशा बढ़ोत्तरी को लेकर अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। बीते सत्र में 9वीं कक्षा की वार्षिक फीस जहां 39,600 रुपये थी, वहीं इस वर्ष सीधे 70,000 रुपये वसूलने की मांग की जा रही है। इससे नाराज अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन को घेर लिया और कलेक्टर गाइडलाइन की खुलेआम अवहेलना करने का आरोप लगाया।

अभिभावक गिरीश पाठक ने बताया कि कलेक्टर की गाइडलाइन के मुताबिक निजी स्कूल सालाना अधिकतम 10 फीसदी तक ही फीस बढ़ा सकते हैं, और इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को पूर्व सूचना देना आवश्यक है। साथ ही स्कूल को यह भी स्पष्ट करना होता है कि संसाधनों में क्या नया जोड़ा गया है, जिसके कारण फीस बढ़ाई गई है। मगर स्कूल प्रबंधन ने इन सभी नियमों को ताक पर रखते हुए मनमानी ढंग से फीस में बढ़ोत्तरी कर दी है। अभिभावकों का कहना है कि जब बच्चों की टीसी (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) मांगी जाती है, तो स्कूल आनाकानी कर रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है।

शिव कुमार तिवारी ने बताया कि करीब 150 अभिभावकों ने हस्ताक्षरित आवेदन स्कूल प्राचार्य के नाम से स्कूल डीन को सौंपा है। वहीं, इस मामले में एजीएम कीर्ति आजाद से भी चर्चा की गई है। स्कूल प्रबंधन ने सोमवार तक का समय मांगते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आश्वासन दिया है। अभिभावक एक स्वर में कह रहे हैं कि यदि स्कूल प्रबंधन ने फीस वृद्धि को वापस नहीं लिया, तो वे जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। उनका कहना है कि बच्चों की शिक्षा के नाम पर लूट कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ई-केवाईसी में लापरवाही पर 15 राशन दुकानदारों पर केस दर्ज

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया में लापरवाही बरतने पर जबलपुर जिले में खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने जिले के 15 राशन दुकान संचालकों के खिलाफ मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। साथ ही, ई-केवाईसी में लापरवाही जारी रखने पर लाइसेंस निलंबित करने की चेतावनी दी है।

यह कार्रवाई जिला आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बकाई के निर्देशन में की गई है। सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। विभाग ने जिन दुकानों पर कार्रवाई की है, उनके नंबर इस प्रकार हैं - 3316167, 3316322, 3316253, 3316164, 3316107, 3316227,




3316282, 3316285, 3316279, 3316225, 3316436, 3316226, 3316135, 3316267 और 33162811।

30 अप्रैल तक 100 प्रतिशत ई-केवाईसी का लक्ष्य

शासन द्वारा सभी राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी 30 अप्रैल तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन कार्रवाई में शामिल दुकानों ने अब तक 60 प्रतिशत से भी कम कार्य पूरा किया था, जिससे शासन के निर्देशों की अवहेलना हुई।

14.51 लाख में से 10.97 लाख हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण

जिले में कुल 14 लाख 51 हजार 953 हितग्राही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पंजीकृत हैं। इनमें से 10 लाख 97 हजार 112 की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है। शेष बचे 3 लाख 54 हजार हितग्राहियों की ई-केवाईसी के लिए 9 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत जिन हितग्राहियों की ई-केवाईसी नहीं हुई है, उनकी सूची पीओएस मशीन, स्थानीय निकाय एवं जेएसओ लॉगिन पर उपलब्ध कराई गई है। इन सूचियों को ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालयों और उचित मूल्य दुकानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग का सहयोग लिया जा रहा है।

लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में शेष ई-केवाईसी पूरी नहीं की गई, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनका लाइसेंस निलंबित करना भी शामिल है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आदर्श कुमार जैन, पिता- शंभू कुमार जैन की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की अंकसूची में नाम आदर्श कुमार जैन दर्ज है। लेकिन उसके आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पेनकार्ड पर आदर्श जैन है। परंतु शासकीय दस्तावेजों पर नाम आदर्श जैन दर्ज होना है।

अतः पुराना नाम आदर्श कुमार जैन, की जगह सभी शासकीय दस्तावेजों में नाम आदर्श जैन दर्ज किया जाए।

**पूर्व नाम- आदर्श कुमार जैन,**
**पिता- शंभू कुमार जैन**
**न्यू वर्तमान नाम- आदर्श जैन,**
**पिता- शंभू कुमार जैन**
**माता- नीलम जैन**
**निवासी- भालदरपुरा जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999